वर्ष-3, अंक-59
इन्दौर शुक्रवार
30 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/5376

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।

चाणक्य

## पनामा में थरूर की टिप्पणी से कांग्रेस में मचा भूचाल

### उदित राज बोले- इन्हें भाजपा का प्रवक्ता बना दो !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'सर्जिकल स्ट्राइक' संबंधी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेताओं की आलोचना के शिकार पार्टी नेता शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि जो कट्टरपंथी नियंत्रण रेखा के पार भारतीय वीरता की उनकी समझ पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि वह स्पष्ट रूप से केवल आतंकी हमलों के जवाब में की गई कार्रवाइयों की बात कर रहे थे, न कि पहले हुए युद्धों की। थरूर ने कहा कि उनकी टिप्पणी से पहले हाल के वर्षों में हुए कई हमलों का जिक्र किया गया था, जिनके दौरान भारत की पिछली प्रतिक्रियाएं नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के प्रति सम्मान के कारण संयमित और सीमित थीं। पांच देशों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता ने यहां कथित तौर पर कहा कि भारत ने पहली बार आतंकवादी ठिकानों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया था। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। कांग्रेस ने इस टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा और पार्टी सहयोगी उदित राज ने कहा कि उन्हें ''भाजपा का सुपर प्रवक्ता'' बना दिया जाना चाहिए। आलोचना का जवाब देते हुए थरूर ने कहा, पनामा में एक लंबे और सफल दिन के बाद, मुझे आधी रात को यहां का दौरा संपन्न कर छह घंटे बाद बोगोटा, कोलंबिया के लिए रवाना होना है, इसलिए मेरे पास वास्तव में इसके लिए समय नहीं है। लेकिन फिर भी ''उन कट्टरपंथियों के लिए जो अतीत में नियंत्रण रेखा के पार भारतीय वीरता के बारे में मेरी कथित अज्ञानता के बारे में चिल्ला रहे हैं- मैं स्पष्ट रूप से केवल आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध के बारे में बोल रहा था, न कि पिछले युद्धों के बारे में। थरूर ने कहा, मेरी टिप्पणियों में पहले हाल के वर्षों में हुए कई हमलों का उल्लेख किया गया था, जिनके दौरान पिछली भारतीय प्रतिक्रियाएं नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के प्रति हमारे जिम्मेदारीपूर्ण सम्मान के कारण संयमित और सीमित थीं। उन्होंने कहा, लेकिन हमेशा की तरह, आलोचकों और ट्रोल का मेरे विचारों और शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का स्वागत है। मेरे पास करने के लिए वास्तव में बेहतर काम हैं। शुभ रात्रि। उदित राज ने सर्जिकल स्ट्राइक पर थरूर की टिप्पणी को लेकर 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''प्रिय शशि थरूर, अफसोस! मैं प्रधानमंत्री मोदी से कह सकता हूं कि वह आपको भाजपा का मुख्य प्रवक्ता घोषित कर दें, यहां तक कि भारत लौटने से पहले आपको विदेश मंत्री भी घोषित कर दें।

आप यह कहकर कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास को बदनाम कैसे कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी से पहले भारत ने कभी भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार नहीं की। उन्होंने कहा, 1965 में भारतीय सेना ने कई स्थानों पर पाकिस्तान में प्रवेश किया, जिसने लाहौर सेक्टर में पाकिस्तानियों को पूरी तरह से चौंका दिया था।

---

भारत में तेजी से फैल रहा कोरोना

## 12 सौ से ज्यादा हुए मरीज, 12 की गई जान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में कोरोना वायरस फिर से पैर पसारने लगा है। नए वैरिएंट की चपेट में हर दिन नए लोग आ रहे हैं। अभी तक के रिकॉर्ड के अनुसार देश के विभिन्न हिस्सों में नए कोरोना से संक्रमित नए मरीजों की संख्या 1200 का क्रॉस कर चुकी है। कोविड-19 के पॉजिटिव मरीजों में से 12 की मौत हो चुकी है। केरल में सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। स्थिति को देखते हुए सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। ऑक्सीजन सिलेंडर जैसी जरूरी चीजों का पर्याप्त स्टॉक रखने की भी सलाह दी गई है, ताकि प्रतिकूल हालात में भी स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके।कोरोना के नए वैरिएंट ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रोजाना दर्जनों नए मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए विभिन्न राज्यों की ओर से हेल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को अलर्ट रहने और कोरोना से जुड़ी चीजों (जैसे दवाई, ऑक्सीजन सिलेंडर) का स्टॉक रखने और उसकी मॉनिटरिंग करने को भी कहा है। दिल्ली से लेकर हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक जैसे राज्यों में कोरोना संक्रमण के नए मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जनता और स्वास्थ्य अधिकारियों से कोविड-19 संक्रमण के प्रसार के बारे में सतर्क और सक्रिय रहने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री राव ने यह भी कहा कि समय पर कार्रवाई और निवारक उपायों का सख्ती से पालन करने से वायरस के प्रसार को काफी हद तक रोका जा सकता है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हाल ही में हरियाणा में कुल 16 कोविड मामले सामने आए हैं। केरल एक बार फिर से नए वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या में मामले में हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। केरल में अभी तक 400 से भी ज्यादा नए कोरोना मरीजों की पहचान की जा चुकी है। ऐसे में राज्य में और भी सतर्कता बरती जा रही है।

### असम में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में बुधवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण राजधानी गुवाहाटी में बाढ़ आ गई है, जिससे सुबह जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राज्य में रुक्मिणीगांव, हाटीगांव और गुवाहाटी के कई इलाकों सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर जलभराव के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हुयी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में खराब मौसम की भविष्यवाणी की है।अगले दो से तीन दिनों में राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में बारिश का अनुमान है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने लोगों, खासकर गुवाहाटी के लोगों से सभी आवश्यक सावधानी बरतने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। एसडीएमएने कहा, दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों से अनुरोध है कि वे भारी बारिश के दौरान अनावश्यक आवाजाही से बचें।

## रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख को दीक्षा देकर दक्षिणा में मांग लिया पीओके



**चित्रकूट (एजेंसी)।** सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी बुधवार को चित्रकूट गए थे। सुबह भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में दर्शन करने के बाद वह जगद्गुरु रामभद्राचार्य के आश्रम भी गए। यहां उन्होंने रामभद्राचार्य से दीक्षा भी ली थी। रामभद्राचार्य महाराज ने उन्हें दीक्षा देने के बाद बताया कि मैंने उनसे दक्षिणा भी मांगी है,जिसमें मैंने उनसे पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर मांगा है। सेना प्रमुख के चित्रकूट में उनके आश्रम जाने पर आध्यात्मिक गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने बताया कि मैंने उन्हें वही दीक्षा राम मंत्र के साथ दी,जो भगवान हनुमान को मां सीता से मिली थी और फिर उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। मैंने उनसे दक्षिणा मांगी है कि मुझे पीओके वापस चाहिए। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार की सुबह भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने पत्नी के साथ तुलसीपीठ पहुंचकर कांच मंदिर में पूजा-अर्चन किया। इसके बाद तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सेना प्रमुख जगद्गुरु से गुरु दीक्षा भी ली। सेनाध्यक्ष के आगमन पर धर्मनगरी सेना की छावनी में तब्दील नजर आया। कई जगह बैरियर लगाकर लोगों को आवागमन रोका गया। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में इलाज कराने के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी रोकने से दिक्कतें हुई। सेना के जवान हर जगह सुरक्षा में मुस्तैद रहे।

---



### 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार कोई भी कोताही बरतने के मूड में नहीं है। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर सरकार के मुख्य सचिव और डीजीपी को यात्रा की पूरी सिक्योरिटी के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की 581 कंपनियां तैनात करने का निर्देश दिया है। यह यात्रा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कुछ वक्त बाद हो रही है। जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। 9 अगस्त तक चलने वाली यात्रा को शांतिपूर्ण और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न कराना सरकार और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा बलों की पहली प्राथमिकता बनी हुई है। पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा समीक्षा के लिए राजभवन में एक अहम मीटिंग की अध्यक्षता की थी।

पंजाब की सियासत में हलचल : कांग्रेस के

## बड़े नेताओं पर कार्रवाई की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'संविधान रक्षा कार्यक्रम' के तहत मलोट में जिला स्तरीय रैली में अनुशासन भंग करने पर कांग्रेस ने 3 नेताओं पर कार्रवाई शुरू कर दी है।



जिसके तहत जिला कांग्रेस ने जहां 2 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, वहीं एक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पंजाब अध्यक्ष व महासचिव को लिखा है। जारी किए गए नोटिसों में पार्टी ने सख्त भाषा का प्रयोग किया है, जिससे पता चलता है कि पार्टी अनुशासन भंग करने के मामले में किसी को कोई रियायत नहीं देना चाहती। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शुभदीप सिंह बिट्टू व ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार शिवा ने अश्विनी खेड़ा एम.सी. व उनके भाई जुगराज खेड़ा को अलग-अलग नोटिस जारी करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी कार्यक्रम में कांग्रेस के आदेशों की अवहेलना की और स्वयं व उनके परिवार के सदस्यों ने मंच पर लिजाकर हंगामा किया है। जिसे लेकर मीडिया ने खुलकर प्रसारित किया है, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है।

### नौसेना का गश्ती विमान क्रैश, सवार 2 की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान बृहस्पतिवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चालक दल के चार सदस्य सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौत हो गई तथा अन्य की तलाश में आपातकालीन कर्मी जुटे हुए हैं। नौसना ने यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में कहा कि पी-3सी गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर 1 बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। खोज प्रयासों की निगरानी कर रहे नौसेना अधिकारी चो यंग-सांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आपातकालीन कर्मियों को चालक दल के दो सदस्यों के शव मिले हैं ।

## पंजाब में AAP नेता और साथी पर Firing

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मोगा जिले के ऐतिहासिक गांव बिलासपुर में दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर दो व्यक्तियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।



मिली जानकारी के अनुसार, आम आदमी पार्टी की ओर से सरपंची का चुनाव लड़ चुके स्पोर्ट्स क्लब प्रधान गुरमीत सिंह उर्फ गीता और उसका साथी अमनदीप सिंह अमना गांव बिलासपुर के बस स्टैंड पर खड़े थे, तभी दो हथियारबंद मोटरसाइकिल सवार आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग में घायल गुरमीत सिंह गीता को मोगा के मैडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अमनदीप सिंह अमना को हालत गंभीर होने के चलते डीएमसी लुधियाना रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

---

तेज प्रताप के बाद अनुष्का के भाई

## आकाश यादव पर बड़ा एक्शन, RLJP ने पार्टी से निकाला बाहर

**पटना (एजेंसी)।** पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने पत्र को अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। पशुपति पारस ने साथ ही लिखा, वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए आकाश यादव को रालोजपा के छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष से 6 साल के लिए तत्काल रूप से निकाला जाता है।



तेजप्रताप-अनुष्का मामले में अब अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव के खिलाफ भी एक्शन हुआ है। दरअसल, बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच अब पशुपति पारस की अगुवाई वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) ने आकाश यादव को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। आरएलजेपी के राष्ट्रीय महासचिव एलविस जोसफ के हस्ताक्षर से एक पत्र जारी किया गया है। पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस ने पत्र को अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है।

पशुपति पारस ने साथ ही लिखा, वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए आकाश यादव को रालोजपा के छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष से 6 साल के लिए तत्काल रूप से निकाला जाता है। बता दें कि आकाश यादव रालोजपा छात्र ईकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वे पिछले कुछ दिनों से तेज प्रताप और अनुष्का यादव के समर्थन में मीडिया में खूब बयानबाजी कर रहे थे।

### दिग्गज साउथ एक्टर राजेश का निधन

**मुंबई.** मनोरंजन जगत से आए दिन कोई न कोई बुरी खबर सामने आई रहती हैं। अब हाल ही में एक और दिल तोड़ने वाली खबर सामने आई है। तमिल सिनेमा के दिग्गज एक्टर राजेश का गुरुवार को चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सामने आते ही इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड गई। फैंस से लेकर उनके करीबी दोस्त और सेलेब्स सोशल मीडिया के जरिए उनके निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। राजेश को आज सुबह (29 मई) अचानक दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी जोन सिल्विया उनसे पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गई थीं।

## इलॉन मस्क ने छोड़ा डोनाल्ड ट्रम्प का साथ: DOGE से दिया इस्तीफा

### ट्रम्प के पसंदीदा बिल से हैं नाराज

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ट्रम्प ने इलॉन मस्क को 20 जनवरी 2025 को सरकार में शामिल किया था। मस्क ने 28 मई को पद से इस्तीफा दे दिया। टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क ने ट्रम्प प्रशासन छोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5.30 बजे सोशल मीडिया X पर यह जानकारी दी। मस्क ने कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट एम्पलॉयी के तौर पर मेरा समय पूरा हुआ। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को धन्यवाद भी दिया।



**ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ थे मस्क**

मस्क के इस्तीफे की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, लेकिन वे उस बिल का विरोध कर रहे थे जिसे ट्रम्प ने बिग ब्यूटीफुल बताया था। मस्क ने कहा था कि DOGE का मकसद खर्चों में कटौती करना है और यह बिल उसके खिलाफ है।

ट्रम्प ने मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) का जिम्मा दिया था। जिसका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था।

#### कार्यकाल खत्म होने से एक दिन पहले इस्तीफा

जानकारी के मुताबिक ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद DOGE प्रमुख के तौर पर मस्क की नियुक्ति 30 मई 2025 तक के लिए ही की थी। यानी जब मस्क ने इस्तीफा दिया। उसके एक दिन बाद ही उनका कार्यकाल खत्म हो रहा था।

### NSA अजीत डोभाल की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल की सेहत को लेकर बीते कुछ दिनों से कयासों का बाज़ार गर्म है। 80 साल के डोभाल ने हाल ही में रूस के मॉस्को में होने वाली एक अहम अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है। इसके पीछे वजह बताई गई है – मौसमी फ्लू। एक तरफ ये बीमारी आम तौर पर हल्की मानी जाती है, वहीं दूसरी तरफ डोभाल की उम्र को देखते हुए इसे हल्के में लेना मुश्किल है। तो सवाल ये उठता है कि आखिर मौसमी फ्लू क्या होता है? और ये उम्रदराज़ लोगों के लिए इतना जोखिम भरा क्यों हो जाता है? मौसमी फ्लू यानी इन्फ्लूएंजा, एक वायरल बीमारी है जो तेज़ी से फैलती है। यह वायरस खांसने, छींकने या संक्रमित सतह को छूने के बाद आंख, मुंह या नाक के संपर्क में आने से शरीर में प्रवेश करता है।

## संपादकीय

## आतंकवादी संगठनों की टेररफंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत निश्चित है



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब-करीब हर देश में किसी ने किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है,चूँकि कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै, इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है। भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे, पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत द्वारा पाक को ऋण पर आपतित दर्ज कराई, फिर 7 प्रतिनिधिमंडल जिसमें 59 से अधिक सदस्य हैं, उनको पूरी दुनियाँ में आतंकवाद के खिलाफ जन जागरण करने भेजा है, अब भारत सरकार एशिया पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) के साथ 25 जून 2025 को 40 सदस्यों वाली एफएटीएफ की मीटिंग में पक्ष रखेगी कि कैसे उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता को टेरर फंडिंग में उपयोग करते हैं। चूँकि आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत होना निश्चित है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत ने आतंकवाद के खिलाफ़ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया आईएफएफ एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडलों के बाद अब 25 जून 2025 को को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग पर लॉबीग करेगा। साथियों बात अगर हम टेरर फंडिंग रोकने आईएमएफ, 7 प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब एपीजी व 25 जून 2025 को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग में लॉबिंग करने की करें तो,भारत ने हाल ही में कई देशों में एक कूटनीतिककोशिशें शुरू की हैं ताकि पाक की आतंकवाद की भूमिका को वैश्विक मंचों पर उजागर किया जा सके, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और बहरीन जैसे देशों में सात प्रतिनिधिमंडल सक्रिय रूप से वैश्विक नेताओं, थिंक टैंकों और नीति निर्धारक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं, इन टीमों में विभिन्न राजनीतिक दलों और समुदायों के सदस्य शामिल हैं, जो भारत का एक संयुक्त नजरिया दुनियाँ के सामने पेश कर रहे हैं, इस पहल का मकसद पाक को फ़िर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालना है। अक्टूबर 2022 में,एफएटीएफ ने चार सालों की निगरानी के बाद पाक को ग्रे लिस्ट से हटाया था, लेकिन भारत का दावा है कि पाक ने इस दौरान आतंकवाद के समर्थन में अपने कदमों में सुधार नहीं किया, भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे आईएमफ और विश्व बैंक से मांग कर रहा है कि वे पाकिस्तान द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग की जांच करें। साथियों बात अगर हम पाक को एफएटीएफ की होने वाली मीटिंग में लॉबिंग कर पाक़ को ग्रे लिस्ट में डलवाने की कवायत की करें तो, भारत ने पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डालने की प्रक्रिया तेज कर दी है।यह कदम आतंकवादी वित्त पोषण पर लगाम लगाने और पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार,भारत सरकार ने एक विस्तृत डोजियर तैयार कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के हालिया आतंकी फंडिंग ट्रेल,और जम्मू-कश्मीर में हुई घटनाओं से जुड़ा वित्तीय नेटवर्क उजागर किया गया है। ध्यान रहे कि भारतीय कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर सैन्य अभियान चला कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था।

# किशोरों की नसों में जहर भरता तंबाकू उद्योग

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

पिछले कई दशकों में तंबाकू उत्पादों को लेकर दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित कर चुके हैं कि धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं। ये शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देते है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनते हैं।

लोगों को तंबाकू को छोड़ने और इसे कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'अपील का पर्दाफाश- तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम निर्धारित करते समय तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट करते हुए बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर खास ध्यान दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इत्यादि के जरिये दुनियाभर में युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियाभर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि अधिकांश देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वैसे तो हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा इत्यादि तमाम तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसका सबसे हानिकारक रूप है धूम्रपान, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं।

## नशे की अंधी गलियों में भटकती देश की युवा पीढ़ी जिम्मेवार कौन?

बेशक 31 मई 2025 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता भर ही रह गए है।औपचारिकता मत निभाईए।धरातल की सच्चाईयां बेहद खौफनाक होती जा रही हैं।प्रतिवर्ष लाखों लोग व युवा बच्चे नशें के कारण अकाल मौत मर रहे है।युवा देश की धरोहर है। युवा अनमोल पूंजी है। प्रतिवर्ष ऐसे दिवसों पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। समूचे विश्व में केवल मात्र एक दिन सैमिनार व गोष्ठीयां की जाती हैं,रैलियां निकाली जाती हैं।विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक संकल्प लेना होगा।युवा पीढ़ी नशें की गुलाम हो चुकी है। नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है।देश में हर साल लाखों युवा नशे के कारण असमय ही मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नशे की सब कुछ मान बैठी है।आज छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो चुके है।अभी उनके दूध के दांत भी नही। टूटे है कि मगर ऐसे नशे करते है कि रुह कापती है।हर साल लाखों लोग नशें के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे है। आजकज चिटटे का नशा किया जा रहा है।देश के हर राज्य मे यह नशा किया जा रहा है।हर रोज चिटटे व हैरोइन के अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ा जा रहा है। नशा आज एक फैशन बन चुका है।नशें के कारण आज कई घरों के चिराग बूझ गए तो कुछ जेलों में चक्की पीस रहें है।जेलों में सड़ रहे है।अक्सर देखा गया है कि उच्च घरानों के युवा मंहगें नशें कर रहे है।नशें के बिना रह नहीं सकते ।जिंदगियां दाव पर लगा चुके है।जिंदा लाशें बनते जा रहे है।लाईलाज बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है।आज लाखों युवा नशें के कारण मर चुके है।नशें की दलदल में धसतें जा रहे है।इस दलदल से निकला बहुत ही मुशिकल है।आज मां-बाप दुखी है कि उनके चिराग नशें की गिरफत में आते जा रहे है।आज नशे के सौदागर युवाओं के भविष्य खराब करते जा रहे है।अगर युवा ही नशें का प्रयोग करेगा तो आने वाला कल अंधकारमय ही होगा।युवा के कंधों पर देश टिका है मगर यह कंधें थक चुके है।नसों में नशा भर चुका है।जवान काया शिथिल होती जा रही है।नशे के कारण सड़क हादसों में हर साल लाखों युवस बेमौत मारे जा रहे है।सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है।सरकारों को देश के कर्णधारों की कोई फिक्र नहीं हैं।राजस्व से ही खजाना भरा जा रहा है।युवा मर रहे है।चंद मिन्टों के मजे के लिए अनमोल जीवन बरबाद कर रहे है।युवतियां भी नशे की दलदल में फंस चुकी है।समाचार पत्रों में डरावने समाचरों से पता चलता है कि आज लड़कियां भी चार कदम आगे जा चुकी है।सिगरेट व अन्य चरस जैसे नशे शरीर के अंगों को प्रभवित करती है।कैंसर व तपेदिक व गले के कैसर से मौतों का आंकडा़ हर साल बढ़ता ही जा रहा है।अगर इन नशे को नहीं रोका तो आने वाले साालों में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। नशा समाज के लिए नासूर बन गया है।नशे को मिटाने की कसम लेनी होगी। आज नशें के कारण इकलौते बच्चे मारें जा रहे है। नशें के लिए पैसा न मिलने के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है।

## नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल


नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक तकरीबन 0.76 फसदी नीचे आकर 81,551.63 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 174.95 अंक करीब 0.70 फीसदी नीचे आकर 24,826.20 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए और शेष सभी 25 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर आज निफ्टी की 50 में से केवल 10 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद




हुए। वहीं अन्य सभी 40 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 2.60 फीसदी जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.21 फीसदी नीचे आये। वहीं सनफार्मा के शेयर 0.42 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.34 फीसदी, नेस्ले इंडिया 0.33 फीसदी और एशियन पेंट्स के शेयर 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। आईटीसी, टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बड़ी गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार ?गिरावट के साथ खुले। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इन्फोसिस जैसी भारी भरकम शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। सेंसेक्स मंगलवार को 100 अंक से ऊपर की गिरावट लेकर 82,038.20 पर खुला। खुलते ही इसमें बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद यह 726.90 अंक की गिरावट लेकर 81,449.55 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,956.65 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 233.80 अंक गिरकर 24,767.35 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख रहा। निवेशकों ने यूरोपीय संघ के आयात पर 50 फीसदी टैरिफ टालने के ट्रम्प के फैसले पर विचार किया। जापान का निक्केई 0.15 फीसदी नीचे था। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स स्थिर था। कोस्पी 0.32 फीसदी फिसला। यह सोमवार को तीन महीने के उच्चतम स्तर से नीचे फिसल गया। वहीं, एएसएक्स 200 ट्रेंड के उलट 0.16 फीसदी बढ़ा। सोमवार को मेमोरियल डे के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहे। लेकिन ट्रम्प के टैरिफ में देरी के बाद फ्यूचर्स में उछाल आया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज से जुड़े फ्यूचर्स में 1 फीसदी की वृद्धि हुई। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई और नैस्डैक 100 फ्यूचर्स में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई।



## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय बाजार 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.13 पर बंद हुआ। वहीं सुबह घरेलू शेयर बाजार में सुस्त धारणा के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर 85.29 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा 85.15 पर खुली और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 85.29 पर लुढ़क गई जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की गिरावट दिखात है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.10 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 98.83 पर रहा।

# घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरुआत

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों में पॉजिटिव रुख के बावजूद भारतीय शेयर बाजार बुधवार को ?गिरावट के साथ खुले।

प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 24,832 अंक पर लगभग फ्लैट खुला। जबकि बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,457 पर खुला। शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 के आज के कारोबार में कई प्रमुख कारकों से प्रभावित होने की संभावना है। इसमें अप्रैल के लिए औद्योगिक और विनिर्माण प्रोडक्शन डेटा, कंपनियों के मार्च तिमाही के नतीजे, घरेलू संस्थागत निवेशकों की चाल, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प का यूरोपीय संघ के टैरिफ पर निर्णय और वैश्विक बाजारों के संकेत शामिल हैं। इससे पहले मंगलवार को उतार-चढ़ाव वाले बाजार में बाजार गिरावट में बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक की गिरावट के साथ 81,551.6 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 174.95 अंक की गिरावट के साथ 24,826.2 पर बंद हुआ। सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के शेयर बुधवार को बाजार खुलते ही 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए। कंपनी के शेयरों में यह तेजी मार्च तिमाही के नतीजे अच्छे रहने के चलते आई है। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिली। यह तेजी वॉल स्ट्रीट में बढ़त के चलते आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से यूरोपीय संघ के आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ की समय सीमा को 9 जुलाई तक बढ़ाए जाने के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ। निक्केई में 0.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि ब्रोडर टॉपिक्सर्स बड़ेक्स में 0.47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोस्पी में 1.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई और एएसएक्स 200 में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार अमेरिका में रात भर तीनों प्रमुख इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। डॉव जोन्स में 1.78 प्रतिशत का उछाल आया। एसएंडपी 500 में 2.05 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई और नैस्डैक कंपोजिट में 2.47 प्रतिशत का उछाल आया। साथ ही टेस्ला जैसे तकनीकी शेयरों में भी मजबूत बढ़त दर्ज की गई। इस तेजी ने डॉव और एसएंडपी 500 में चार दिनों से जारी गिरावट के सिलसिले को तोड़ दिया। संस्थागत गतिविधियों के मोर्चे पर विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 348.45 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सोने के भाव में नरमी के बाद तेजी, चांदी फिसली

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में नरमी के बीच घरेलू बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत मंगलवार को नरमी के साथ हुई। हालांकि सोने के भाव बाद में सुधर गए, लेकिन चांदी नरमी के साथ ही कारोबार कर रही है। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोन चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 337 रुपये की गिरावट के साथ 95,600 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,937 रुपये था। हालांकि इस समय यह 108 रुपये की तेजी के साथ 96,045 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 88 रुपये की गिरावट के साथ 97,915 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 98,003 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,355.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,365.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 20.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,345.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे।

## बाल भवन में क्ले वर्कशॉप वर्कशॉप की शुरुआत

**इंदौर ।** बाल भवन में बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के शिविर और कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत क्ली वर्कशॉप का आयोजन बाल भवन में किया जा रहा है , जिसमें बच्चों को मिट्टी से बने विभिन्न प्रकार के सजावटी पौधे बनाना सिखाया जा रहा है। इन बच्चों में उनकी सृजनात्मक क्षमता को बाल भवन में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बाल भवन के सहायक सहायक विष्णु प्रताप सिंह रायटर ने बताया कि बाल भवन इंदौर में लगातार इस तरह की अलग-अलग विधाओं में बच्चों को पारंगत करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पैलेस पैलेस , रिटाल क्लास , कंप्यूटर क्लास , स्टूडेंट म्यूजिक , स्पोकन इंग्लिश क्लास आदि का आयोजन इसी का एक उदाहरण है , जो बाल भवन में लगातार आयोजित किया जा रहा है। इन सभी कैंपों के माध्यम से बच्चों को टीवी और मोबाइल की दुनिया से बाहर निकाला जा रहा है। बच्चों द्वारा भी कथित रूप से आयोजित शिविरों में भारी उत्साह से भाग लिया जा रहा है।

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पिछले दिनों की समीक्षा बैठक में पुतिन के साथ संबंध की समीक्षा बैठक

**इन्दौर।** डिवीजनल कमिश्नर श्री दीपक ने कमिश्नर कमिश्नर ऑफिस में कमिश्नर के ऑफिस में गोदाम में कृषि विभाग के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर 2020-2021 के लिए 2020-25 के लिए 2020-25 के लिए 2020-25 के लिए 2021-2019 आयोजित किया। आयुक्त श्री दीपक सिंह ने जिलेवार रबी प्रोडक्शन और डिजाइन के बारे में जानकारी दी और कंपनी-किन्नय के उद्यमों में शामिल होने के लिए कहा, इसकी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कृषि विशेषज्ञ श्री आलोक मीना ने कहा कि किसान अच्छे उत्पादक , अच्छी कीमत के कारण मक्का की फसल को रबी और जिले के मौसम में उगा रहे हैं। जिससे आने वाले समय में फल चक्र का क्रम टूटेगा और मिट्टी की उर्वरता पर भी असर पड़ेगा। श्री सिंह ने किस समाधान के निर्देश दिए कि किसानों को मक्का की फसल के विकल्प के रूप में नई फसल उगाने के लिए सलाह दी जाए। जैसे ज्वार , मक्का के विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जा सकता है। साथ ही श्री सिंह ने निर्देश दिया कि डीएपी खादी का उपदेश भंडारन स्वायत्त रूप से दिया जाए। बैठक में बताया गया कि नरवाई का मामला कुछ हद तक कम हुआ है। पुराने आकड़ों में धार और इंदौर में अधिक नरवाई जलाई जाती है। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ऐसी यादें देखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिलाधीश से संपर्क करें एक जन-आंदोलन अभियान , सूचना तंत्र को मजबूत कर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति नरवाई के लेखन की सूचना मांगता है, उसे पुरस्कार वितरण जैस स्कॉबी को दिया जा सकता है। साथ ही सभी उप कृषि उद्यमियों को निर्देश दिया गया है कि ई-केवैसी- किसान सम्मान निधि बोस मिल रही है या नहीं, यह भी सुनिश्चित कर रिकार्ड रखें।

## नीलिमा बोरासी: कुश्ती के सामान से महिला संप्रदाय की मिसाल



**इंदौर ।** देवभूमि की धरती ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब संकल्प दृढ़ हो , तो परंपराएं भी नए आयाम गढ़ती हैं। महिला रेसलर नीलिमा बोरासी ने अपने जुनून , संघर्ष और परिश्रम से कुश्ती के दोस्तों में ऐसा इतिहास रचा , जो केवल खेल की जीत नहीं है , बल्कि समाज की सोच में बदलाव की गूंज भी है। नीलिमा का यह सफर यूं ही शुरू नहीं हुआ। प्राचीन कुश्ती परंपरा , जो देवी अहिल्याबाई होल्कर के समय से चली आ रही है , उनकी प्रेरणा बनी है। देवी अहिल्याबाई होल्कर न सिर्फ एक आदर्श शासिका थीं , बल्कि वे महिला संविधान और पारंपरिक खेलों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती थीं। नज़ीन के समय में डेकोर के राज प्रेमियों में भव्य दंगलों की शुरुआत हुई थी , जो आज भी जीवंत हैं। नीलिमा बताती हैं कि जब उन्होंने कुश्ती शुरू की थी , तब समाज बेहद नकारात्मक था। लड़की कुश्ती कुश्ती ? शादी कैसे होगी ? लोग क्या व्यक्तित्व ? जैसे सॉसेज और तानों ने अपने परिवार को भी झकझोरा। यहां पर किलों और बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा भी अपमानित किया जाता था। लेकिन नीलिमा ने हार नहीं मानी। उन्होंने सात-आठ राष्ट्रीय टीम में भाग लिया , मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग से फिर समर्थन प्राप्त किया और पीछे मुड़कर नहीं देखा। सीनियर नेशनल में ब्रॉन्ज़ मेडल के बाद उन्होंने अपनी आलोचनाओं का जवाब दिया। नीलिमा आज न सिर्फ एक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं , बल्कि कोच भी बन गए हैं। वह अपनी कंपनी राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग को दे रही हैं। आज उनकी परीक्षा को देखकर लोग गर्व से कहते हैं - यह तो मेरी बेटी है! जो कभी ताने देते थे , आज गौरव से परिचय संरचनाएं हैं। नीलिमा का कहना है कि पहले रेसलर बनने वाली लड़कियां फ्रेंड्स जगह पर नहीं थीं। लेकिन जब इंदौर के सांसद रहे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन जैसे नेताओं ने अपनी आकांक्षाएं रखीं , तो इंदौर की महिला कुश्ती के दिग्गजों को और भी खुशियां दे दीं , छत जैसे डालवाना , जरूरी साधन-सुविधाएं भर्ती की। अब हालात यह हैं कि कई परिवार अपनी बेटियों से ही कुश्ती में उतरना शुरू कर देते हैं , यह संकेत कि वे भी नीलिमा की तरह बनेंगी। एडोरेट , जो अब एक आधुनिक शहर के रूप में उभर कर सामने आया है , वहां पारंपरिक खेलों की इस तरह की बहाली हुई है और इसमें क्रांति से कम नहीं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी शामिल है। इसकी श्रेय केवल नीलिमा बोरासी को ही जाता है , बल्कि उस ऐतिहासिक परंपरा को भी , स्थापित देवी अहिल्याबाई होल्कर ने रखा था। नीलिमा बोरासी केवल एक नाम नहीं , बल्कि एक संदेश हैं कि जब इरादा मजबूत हो और विश्वास को सही दिशा में आगे बढ़ाया जाए , तो महिलाएं न केवल कुश्ती कठिन जैसे खेल में पहचान रखती हैं , बल्कि समाज की सोच को भी कुश्ती में शामिल करती हैं।

# इंदौर में पर्यटन क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं

## डायनासोर के अनुकूल वातावरण एवं खिलौने विकसित करने के लिए प्रभारी आयुक्त श्री दीपक सिंह ने दिए गए निर्देश दिए



**इंदौर ।** इंदौर के विभिन्न धार्मिक , ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भी देखें। आयुक्त श्री दीपक सिंह ने निर्देश दिए हैं कि आयुक्त के पर्यटन क्षेत्रों के विकास के साथ ही वहां पर दर्शकों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाए और अभ्यास भी विकसित किया जाए।

उन्होंने पर्यटन विभाग पर्यटन स्थलों के अनुरक्षण , सैलून और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बताया गया है कि पर्यटन विभाग द्वारा इस दिशा में कार्य आरंभ कर दिए गए हैं , जो लगातार चल रहे हैं। इन पर्यटन क्षेत्रों में विश्व की संख्या बढ़ रही है। रिवाल्वर मांडव , महेश्वर, ओंकारेश्वर , धार , बुरहानपुर , इंदौर , अलीराजपुर , खंडवा , खरगोन , झाबुआ आदि शहरों में किले से लेकर मंदिर , गुफा , महल , घाट , संग्रहालय आदि हैं , जो हमेशा के लिए आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। कमिश्नर कार्यालय में गत दिवस कमिश्नर कमिश्नर में चल रहे पर्यटन क्षेत्रों के विकास से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर कमिश्नर श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में प्रभारी आयुक्त श्री दीपक सिंह ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से कहा कि मांडू में बोट महल के तीर्थ तालाबों में स्थित हैं। इसके लिए यह व्यवस्था की जाए कि वह पानी हमेशा बना रहे। विपक्ष के लिए दिलचस्प मसाला भी हो। इनमें लेजर शो , फ़ोनटेन शो , वॉटर स्पोर्ट्स आदि डिज़ाइन शामिल हैं। मोर्टक्का के पास रिक्त भूमि पर दृश्य के लिए गुड़िया विकसित की जाए। इसके लिए विस्तृत पूर्वावलोकन तैयार करें। कमिश्नर श्री दीपक सिंह ने कहा कि कमिश्नर कमिश्नर के बाग प्रिंट कला को मान्यता दी जाए। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ मैड के तहत 19.97 करोड़ रुपये की लागत से राजवेअर के कोर्ट हॉल का अनुरक्षण एवं विकास कार्य जारी किया गया है , सूचीबद्ध सूची प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। यह कार्य 30 जून 2027 तक पूर्ण प्रस्तावित है। इसी प्रकार 47.59 करोड़ रुपये की लागत से लालबाग पैलेस पैलेस और बाउण्ड्री वाल का विकास कार्य शुरू हो गया है , जो एक मई 2027 तक पूर्ण होना प्रस्तावित है। इसी तरह डॉ. अम्बेडकर नगर स्थित काकड़पुरा में 6.85 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्य किये गये। इसी प्रकार महेश्वर में 110 करोड़ रुपए की लागत से अहिल्या लोक बनाया गया है , जो कि मेकर कंपनी बनी है। देवी अहिल्या बाई की राजधानी महेश्वर होने का कारण अहिल्या लोक का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व अधिक है। धार जिले में स्थित बूढ़ी मांडव में पर्यटन स्थल का विकास किया गया है।

# किसानों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह के लिए उन्नत कृषि संकल्प अभियान शुरू हुआ

## जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने किया वर्चुअल उद्घाटन



**इंदौर ।** किसानों को आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी एवं वैज्ञानिक सलाह उद्देश्य से इंदौर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान का मूल सानी उद्घाटन जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वीर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कदावली बुजुर्ग से किया।

राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी ग्रामों में 12 जून 2025 को यह अभियान चलाया जाएगा। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि किसानों के हित में यह बहुत बड़ा अभियान है। इससे उन्हें कम लागत में अधिक उत्पाद प्राप्त करने में मदद मिलेगी। श्री सिलावट ने हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश द्वारा किसानों के हित में निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों के हित में निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रति से बातचीत की। इस अवसर पर श्री हुकुम पटेल , श्री रवि वाजपेई , श्री गोविंद सिंह , श्री राकेश पटेल , उप निदेशक कृषि कल्याण श्री सी.एल. केवड़ा और कृषि अभियांत्रिकी के अभियंता उपस्थित थे। अभियान के माध्यम से किसानों को क्षेत्रीय मौसम की जानकारी के लिए उन्नत कृषि प्रशिक्षण , कृषि स्वास्थ्य कार्ड ( एसएचसी ) के प्रभावी उपयोग , सरकारी अनुमोदन और कृषि नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों से फर्म लेकर रिसर्च को और उपयोगी निर्माण की दिशा में काम किया जाएगा। उप कृषि अधिकारी श्री सी.एल. केवड़ा ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र ( केवीके ), आईसीएआर और कृषि महाविद्यालयों के वैज्ञानिक और अभ्यार्थी अधिकारियों में किसान-किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इसमें कृषि , कृषि अभियांत्रिकी , उद्यानिकी , पशुपालन और मत्स्य विभाग के मैदानी अधिकारी भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

प्रगतिशील किसानों को अभियान में शामिल कर उनके नवाचार और अनुभव को साझा किया जाएगा। किसानों को सोयाबीन जैसी कंपनी के लिए बीबीएफ सिस्टम सहित मशीन आधारित उन्नत प्रौद्योगिकी की जानकारी दी जाएगी। अभियान में आईसीएआर, केवीके और इफको किसानों की सहायता से कृषि अधिग्रहण तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्राकृतिक खेती और कृषि विविधता को भी बढ़ावा दिया जाएगा। आईसीटी और ऑडियो-विजुअल माध्यमों से किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिले में पूर्वस्कूली उद्यमियों को अभियान से जोड़ा गया है , जिससे व्यापक रूप से प्रभावित किया जा सके।



## एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी निदेशक ने औद्योगिक क्षेत्र जेतापुर पलासिया एवं निमरानी निरीक्षण

**इंदौर ।** एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी निदेशक श्री अमानत प्रजापति द्वारा आज औद्योगिक क्षेत्र जेतापुर पलासिया एवं निमरानी के साथ-साथ प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र लालबाग बासवी एवं तारापुर का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री प्रजापति द्वारा विकसित अधोसंरचना की समीक्षा की गई। इस दौरान उनकी मेसर्स काशिदा अपेरल्स गारमेंट की ओर से यह कंपनी बीबा और रंगरेती ब्रांड के लिए वस्त्र निर्माण का काम करती है। काशीदा पार्स आल्स में मुख्य क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। निमरानी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया गया और पिछले कुछ समय में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि एमपी नगर पालिका निमरानी के औद्योगिक क्षेत्र में वृहद स्तर के अधोसंरचना के सुधार का कार्य किया गया है। उनकी ओर से भी समीक्षा की गई। कुछ स्थानों पर वर्षाऋतु के पूर्वी रेडिएटर्स से संबंधित सुधारों का निर्देशन किया गया। श्री प्रजापति औद्योगिक क्षेत्र लालबाग बासवी का भी निरीक्षण किया गया। इस औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जल्द ही लगभग 200 करोड़ की लागत से 216.72 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य किया जाएगा। विकास कार्य प्रारम्भ होने से पहले ही 2 बडी टायर्स निर्माता निर्माता डनलप टायर्स एवं योकोहामा इस क्षेत्र में मेगा म्यूजिक का निर्माण अभीरुची वार्ता द्वारा किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र तारापुर का विकास 256 हेक्टेयर भूमि पर किया जायेगा। इस क्षेत्र की अनुमानित लागत 346 करोड़ रुपये है।

# इंदौर जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में सर्वाइवल स्टूडियो कैमरे

## कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में सर्वे किया

**इंदौर ।** विदेशी जिलों के राजस्व न्यायालयों की दुकान और दुकान की निगरानी अब और अधिक बातचीत होगी। मजिस्ट्रेट श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में सुपरमार्केट कैमरे लगाए जाएं। इन परीक्षाओं के माध्यम से अधिकारियों की उपस्थिति , प्रकरणों की सुनवाई की प्रक्रिया और अन्य जांच की निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर नामांकित श्री रिकेंश वैश्य , श्री राजेंद्र रघुवंशी , श्रीमती निशा डामोर , सभी खिलाड़ी, डॉयचे , प्लीज़ अलायक सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे । रजिस्ट्रार श्री सिंह ने कहा कि यह प्रारंभिक राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध श्रमिकों और पक्की सुरक्षा करने के उद्देश्य से जा रही है , जिससे आम नागरिकों को बार-बार पर्यटन स्थलों का भ्रमण न मिल सके। रजिस्ट्रार श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बोर्ड रूम में समय पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी समय पर स्टॉक नहीं रखते , जिससे कार्य में देरी होती है। इस पर रोक लगाने के लिए बोर्ड रूम में भी ब्लूटूथ कैमरे लगाए जाएं। कैमरा खरीदने की प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। नियुक्तिकर्ता श्री सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में अविवादित नामांतरण में देरी नहीं होनी चाहिए। तीन महीने से अधिक समय तक एक भी मामला नहीं होना चाहिए। यह नायक और नायिकाओं की जिम्मेदारी होगी। सीमांकन संबंधी मामलों में सुधार के लिए भी डॉक्टरों ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि सीमा निर्धारण या असमानता के कारण प्रकरण को खारिज किया जा रहा है तो उसके राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से दर्ज किया जा सकता है। तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही जरूरी जरूरी सामान भी उपलब्ध कराएं। रजिस्ट्रार श्री सिंह ने राजस्व अभिलेखों की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए कहा कि इसमें रजिस्ट्रारों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। फॉर्मर रजिस्ट्री के मामलों में भी सावधानी नहीं बरती जाएगी। राजस्व को लेकर भी कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वे पोर्टल बनने का इंतजार न करें , बल्कि अभी से पूरी मेहनत के साथ काम में लग जाएं। सीएम रेवेन्यू ग्रेडिंग में आई ग्रेडिंग में आई ग्रेडिंग में 50 दिनों में सभी प्रतिभागियों का समाधान हो गया है। शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी आपत्तियों की संतुष्टि पूरी की जाये।

## आप ही नहीं बनी रानी से माँ और फिर देवी अहिल्या बाई होल्कर

**इंदौर ।** आसान नहीं होता सत्य के कठोर अपराचल चलन को जोड़ने का काम , ममता को कायम रखा गया सामाजिक रूढियों को तोड़ पाना। बात जब पुरातत्व के सिद्धांतों, धर्मों और समुदायों और दौर की हो तो अच्छे से अच्छे रणनीतिकार , राजनीति में विरोध के डर से कोई तकनीक नहीं है। इस रानी की न्याय प्रियता , शासन संचालन और धार्मिक कार्य घाटों के निर्माण पर बहुत कुछ लिखा गया है। लेकिन हम बात करते हैं देवी अहिल्या के नारी आंदोलन की दिशा बताकर दूरदर्शन कार्य की। लेकिन होल्कर घराने की बहु रानी अहिल्या बाई होल्कर महिला सेना का गठन करने वाली उस दौर की संभवतः प्रथम ही शासक थीं। इतना ही नहीं युद्ध में मारे गए सैनिकों की विधवाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप देने में सक्षम बनाने की पहल उन्होंने ही की। देश में पहली बार विधवा पेंशन की शुरुआत हुई। यही वजह है कि उनकी उम्र 70 साल हो गई लेकिन कई पीढ़ियों को दशकों तक चार सदी तक जाने के बावजूद रानी अहिल्या आज भी बर्खास्त हो गई । इतना ही नहीं , पाखंडी धर्मावलंबियों के विरोध को अकाट्य तर्कों , संयम ने कभी रानी अहिल्या से भी चुनौती नहीं दी। और इसी तरह समाज के बड़े वर्ग को महिला शिक्षा का अधिकार दिलवाया। लॉ को लिखी गई खिलौनों की दुकान में मजार कडक का रुख नहीं है, लेकिन ऐसे इंसानों को अनुमति नहीं दी गई है, जो नए कानून की इबारत है, जो आज भी नामांकित है।

# संघर्ष, साहस से आगे बड़ी रीतू ऐ बस का स्टेयरिंग थाम अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की दे रही है प्रेरणा



**इंदौर।** पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर एक कुशल शासिका होने के साथ-साथ एक साहसिक महिला भी थीं। उन्होंने महिलाओं को रबर बनाने की दिशा में जो काम किया , वह बेमिसाल है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है पिंक आई बस की महिला कलाकार रीतु नरवले।

एसीटीआई एसएल की पिंक आई बस की मुख्य कलाकार रीतू नरवले आज महिलाओं को संदेश दे रही हैं कि अब महिलाएं भी यात्रा पर जाने वाली ठमकर यात्रियों के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। हाई स्कूल में पढ़ाई करने वाली रीतू ने बचपन में ही तय कर लिया था कि उन्हें नौकरी कर परिवार में हाथ तो बताना ही है , लेकिन कुछ ऐसा क्षेत्र है जिसमें पुरुषों का इतिहास शामिल है। इस आदमी से उसे ड्राइविंग का क्षेत्र सबसे अच्छा लगा। बस फिर क्या था- रीतू ने पहले डुपहिया वाहन और बाइक चालन सिखाया उसके बाद ऑटो-चालक चाल भी सीखी। इससे उनके बड़े सामान तो रीतू ने चार्पहिया वाहन चलाने का मन बनाया। इसी दौर में समान डेकोर की स्वयंसेवी संस्था सोसायटी में महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देने वाली कंपनियों से संपर्क किया गया। रीतू ने कहावत सोसाइटी में प्रवेश कर कुछ महीनों में महान कार निर्माता का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसके बाद रीतू ने इंडिका , इनोवा क्रिस्टा महिंद्रा आदि गाड़ियों को चलाना सीखा। इसी दौरान रीतू को मेरियट होटल में महिला ड्राइवर की नौकरी मिल गई। जहां कस्टमर को एयरपोर्ट से होटल से लाने ले जाने का काम था। तीन साल तक रीतू ने होटल इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान उसने भारी वाहन का लायसेंस प्राप्त कर लिया और अब वह आइशर से लेकर यात्री बस तक चला गया है। कुछ समय वह पर्यटक स्थल भी स्थापित करता है। वर्ष-2019 में एटीसीटी एसएल में आई बस ड्राइवर की वेकेंसी के लिए।

रीतू ने वहां संपर्क किया और साक्षात्कार पास किया। आज उस बात को पूरे 6 साल हो गए हैं , तब से रीतू एक्टीएसएल की ब्लू आई बस से लेकर पिंक आई बस चल रही है और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही है। प्रतिदिन सुबह 5 बजे वह यूनिफार्म फार्मेसी एस्टी एसएलके विजय नगर डिपो रीच पर जाती है। सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक निरंजनपुर में राजीवगांधी के पोस्टर से सैकडो यात्रियों को पिंक आई बस में यात्रा करने का मौका मिला और रीतू को शुरू-शुरू में समाज के विरोध का सामना करना पड़ा।

लेकिन अब रीतू की कोई बहन नहीं है तो कोई भी बहन जी का जन्म नहीं होता है। रीतू के काम की मान्यता मान्यता विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजय श्रेणी , महापौर श्री पुष्यमित्र टैगोर और रजिस्ट्रार श्री आशीष सिंह तक की है। रीतू का कहना है कि महिला की ड्राइविंग सबसे शानदार है और अंदर का डर खत्म हो जाता है। रीतू महिला ड्राइविंग से महिलाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ अपने बुजुर्ग माता-पिता को आर्थिक सहयोग भी दे रही है।

## कालापीपल में खंड साझेदारी बैंक समन्वय समिति की बैठक



**शाजापुर।** कालापीपल जिला पंचायत में गत दिवस मार्च तिमाही 2025 की खंड संस्थागत बैंक समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डैशबोर्ड में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना , पोर्टफोलियो के सीसी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी शामिल है। बैठक में सभी अधिकारियो को इस बात की सहमति दी गई कि इन प्रतिबंधों की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह की जाएगी। विधानमंडलों में बढ़ती हुई एनपीए प्रतिबंध और इच्छाशक्ति बढ़ाने के लिए आरआरसी फेल करने, लोक अदालत और अन्य मंचों पर चर्चा की गई। बैठक में शाखा एवं जमा के अनुपात, केसीसी, कृषि ऋण आदि अन्य दस्तावेजी दस्तावेज़ जिनमें फ़्रेमयुक्त दस्तावेज़ एवं मुख्यमंत्री डोमिनिक के अधीन प्राप्त दस्तावेज़ शामिल हैं, की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत कालापीपल के सीईओ श्री डी रेज़गारा राणा, नाबार्ड डी कॉमर्स श्री धीरेंद्र कोंद्री, आरसेटी संचालक श्री मुकेश अंबानी सहित विभिन्न के अधिकारी एवं संस्थानों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शुजालपुर क्षेत्र में जल गंगा अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया

**शाजापुर।** कलेक्टर सहायक ऋजु बाफना ने गत दिवस जिला पंचायत सुजालपुर क्षेत्र की ग्राम योजना में जल गंगा अभिनंदन के कार्य का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार सहायक बाफना ने ग्राम टांडाखुर्द में नवीन तालाब का निरीक्षण कर क्षेत्र विकसित करने एवं मनरेगा योजना के पूर्व वर्षों की प्रगति एन राम के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगतिरत पंचायत ग्राम भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पूर्ण निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम पगरावदकलां में तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण कर बैंड को निर्धारित मानक के अनुसार सही सर्वेक्षण एवं कार्य शुरू करने से पहले पूर्ण निर्णय के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम खातसूर में हितग्राही श्री रेड्डी के खेत में खोदे गए तालाब का निरीक्षण कर कार्य को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं और ग्राम पंचायत में अकुशल जॉबकार्डधारी श्रमिकों से मुलाकात नहीं की गई है। ग्राम लसुडलियाहेजम में डगवेल लैपटॉप एवं वॉटर हार्वेस्ट पाउंड कार्य का निरीक्षण कर कार्य को 7 दिन में पूरा करने के लिए कहा गया। स्टॉपडेम निर्माण कार्य के निरीक्षण में कलेक्टर ने डाउनलोड में हो रहे कटाव को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। ग्राम अख्तियारपुर में नवीन तालाब का निरीक्षण कर कार्य को पूर्व में पूरा करने के लिए भी मतदाता ने कहा। इस दौरान समिति जिला पंचायत के सीईओ श्री संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर इंक्रीमेंट कुमारी, जिला पंचायत सीईओ रुशाली पोरस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अमृत 2.0 योजना के तहत निर्मित होने वाले ऑर्केस्ट्रा का भूमिपूजन

**शाजापुर।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शाजापुर नगर पालिका द्वारा चीलर डेम के अंतिम चरण में निर्मित होने वाले स्मारकों का भूमिपूजन आज स्थानीय नेता श्री वैली भीमावद एवं सहायक अभियंता ऋजु बाफना ने किया।

इस कंपनी के अध्यक्ष श्री मोहन जैन, अनुविभागीय अधिकारी माहिरा मनीषा वास्कले, प्लास्टिक उद्योगपति श्री अशफाक खान, श्री आशीष नागा, श्री विश्वनाथ गुर्जर, श्री हरिओम गोठी, श्री सिंह जादौन, श्री श्रीकांत कश्यप, श्री मुकेश साहू, श्री सतीश मुंडा, श्री प्रेम यादव, श्री विक्रम कुशवाह, श्री चिनेश जैन, श्री गोविंदा स्वामी, श्री अतुल अग्रवाल, श्री कैलाश जैन, श्री मयंक अग्रवाल सरपंच श्री कमल सूर्य राजवंशी सहित नामांकित नागरिक एवं सचिवालय शामिल थे। अमृत 2.0 योजना के तहत यहां पाथवे, ग्रीनरी, बैंच, बच्चों के लिए गैट के उपकरण, हाईमास्ट लाइट, इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक और बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण होगा। इसकी कुल कीमत लगभग 47 लाख रूपये है।

## प्रेस्टीज संस्थान के पहले बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स) बैच का हुआ दीक्षांत समारोह



**इंदौर।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईएमआर), यूजी कैंपस, इंदौर ने अपने पहले बैच (2021–2025) के बीबीए (ऑनर्स/रिसर्च के साथ) और बी.कॉम (ऑनर्स) छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ये चार साल के खास कोर्स, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू किए गए, इस क्षेत्र में अपनी तरह के पहले हैं।

इनमें छात्रों को कई विषयों की पढ़ाई, प्रैक्टिकल अनुभव और समग्र विकास का मौका मिला। पीआईएमआर के निदेशक, डॉ. एस. रमन अय्यर, ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ÷एनईपी के तहत पढ़ने वाले आप पहले बैच हैं। हमेशा सीखते रहें और दूसरों को प्रेरित करें। डॉ. नितिन तातेड, डीन एकेडमिक्स, ने छात्रों की मेहनत को सराहा और एनईपी की खूबियों को बताया। इस बैच ने अलग-अलग विषयों, इंटर्नशिप और रिसर्च में शानदार प्रदर्शन किया। समारोह का सबसे खास पल था जब छात्रों ने अपनी पीआईएमआर यात्रा की कहानियाँ साझा कीं। उन्होंने अपनी पढ़ाई, इंटर्नशिप, कॉलेज की गतिविधियों और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन की बातें बताईं। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. शारदा हरयानी ने शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और अभिभावकों के योगदान की सराहना ।



# किसान घोषित सरकार की मंजूरी का लाभ लें और आर्थिक रूप से समृद्ध बनें – जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सोसाद

### ग्राम पाटोली से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत

**शाजापुर।** किसान बंधुओं की हिस्सेदारी, सरकार की मंजूरी का लाभ लें और आर्थिक रूप से मजबूत हों। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह सिसौदिया ने आज शाजापुर के ग्राम पाटोली में विकसित संकल्प अभियान के उद्घाटन समारोह को दोहराते हुए कही। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान एवं किसान कल्याण केंद्र एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त भागीदारी की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री वैली भीमावद, पशु चिकित्सक ऋजु बाफना, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया, उपसंचालक कृषि श्री केएसी यादव, उद्यानिकी श्री मनीष चौहान एवं पशु चिकित्सा डॉ. प्रशांत महाडिक, परियोजना प्रबंधक आत्मा डॉ. स्मृति व्यास, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. डीके तिवारी, मछलीपालन विभाग से श्री किशोर महाजन , श्री सवाई सिंह सोसाईटी, श्री हरिओम गोठी, श्री मुकेश, श्री जीवन सिंह, श्री शीला पाटीदार, श्री ज्ञान सिंह, श्री शशीष पाटीदार और श्री नरेंद्र पाटीदार, श्री भंवरसिंह, ग्राम पाटौली के सरपंच श्री भंवरसिंह राणा , वरिष्ठ किसान श्री अजय नरेलिया भी उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सोसाद ने कहा कि किसान विकसित होगा तो ही देश समृद्धशाली बनेगा। किसानों को आर्थिक विकास के लिए आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ाया जाएगा। आधुनिक खेती के तरीके सीखने के लिए किसान भाई कृषि उत्पादों से लगातार संपर्क में रहें। किसानों के साथ संवाद करें और अन्य किसानों से भी इसकी जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि किसान भाई समूह आजीविका खेती का प्रबंधन करें, इससे नुकसान कम होगा और खेती में लागत कम होगी। इस मौके पर उन्होंने किसान बंधुओं से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का वादा किया। साथ ही उन्होंने किसानों से जल उपलब्धता के उपाय करने, अपने विवेक की मिट्टी का परीक्षण और परीक्षण के बाद आवश्यक तत्व मिट्टी में मिलाने के लिए कहा। स्थानीय नेता श्री भीमावद ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए यह अभियान शुरू किया है। किसानों को खेती की लागत कम करने के उपाय उत्पादकता से सतत संपर्क के लिए निजीकरण। उन्होंने बताया कि जिले में नर्मदा-कालीसिंध परियोजना के चरण-1 एवं 2 का लाभ किसानों से मिलना है। साथ ही जिले के अन्य क्षेत्र के किसानों को भी सींचल से भरपूर पानी मिलेगा। किसान आधुनिक खेती की ओर। जीनत से लगातार चर्चा करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किसानों को उन्नत खेती के तरीके बताएं। नरवाई प्रबंधन के लिए युवाओं को ऑफर दें। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. जी.आर. अंबावतिया नेखेती को लाभ का स्टॉक बनाने के लिए केंद्र द्वारा जा रहे श्रमिक की जानकारी दी। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री सवाई सिंह सिसौदिया ने भी बताया। इसके पूर्व किसान चारों ओर विकास खंडों में जाने वाले कृषि जागरूकता रथों को हरी झण्डी की तलाश में भी नष्ट कर दिया गया।

कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित कृषक विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस.धाकड़ ने आधुनिक कृषि तकनीक , सोयाबीन के व्यावसायिक प्रबंधन एवं भू-जल प्रबंधन , संरक्षित खेती , जलकृषि क्षेत्र प्रबंधन , उन्नत कृषि यंत्र , अभिषेक प्रबंधन की जानकारी प्रदान की। डी के तिवारी ने व्यावसायिक खेती के विभिन्न विषयों की तकनीक की जानकारी दी । डॉ. गायत्री वर्मा ने वित्तीय सहायता, मूल्य संवर्धन पोषण प्रबंधन की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़ ने किया।



## बेरछा में युवती के साथ जाति सूचक व्यवहार मामले में ग्राहक पंचायत ने किया हल - ब्यूटी पार्लर संचालिका ने गलती मान मांगी माफी

**शाजापुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शाजापुर इकाई के पास शिकायत आयी थी कि बीते दिनों एक युवती फैशियल करवाने बेरछा में ब्यूटी पार्लर पर गयी थी, लेकिन बात-बात में संचालिका को युवती द्वारा जाति बताने पर ब्यूटी पार्लर संचालिका द्वारा फैशियल करने से मना कर दिया ओर उसे अपमानित करते हुवे बाहर निकाल दिया, जातिगत आधार पर अपमान से आहत युवती ने संचालिका को माफी मांगने को कहा गया लेकिन संचालिका ने माफी नही मांगी, जिससे युवती बेरछा थाने में एससीएसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर करने पहुंची लेकिन थाने पर कोई सुनवाई नही हुई जिसके बाद युवती ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शाजापुर इकाई के पदाधिकारियों को मामले से अवगत करवाया, मामला सामाजिक समरसता से जुड़ा होने के कारण ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी ज्ञापन लेकर कार्यवाही के लिए बेरछा थाने पहुच गए और थाना प्रभारी को उचित कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया। ग्राहक पंचायत शाजापुर इकाई द्वारा सामाजिक समरसता को दृष्टिगत रखते हुए, बुधवार 7 बजे करीब दोनों पक्षों को ग्राहक पंचायत और संघ के पदाधिकारियों के दोनों पक्षो के साथ समन्वय कर मन का भेद और विषमता दूर करने का सार्थक प्रयास किया जिसकी परिणाम स्वरूप ब्यूटी पार्लर संचालिका ने जाने अनजाने हुई अपनी गलती के लिए खेद जताते हुए लिखित रूप में माफी मांग ली है वहीं युवती ने भी इस पर संतुष्टि जाहिर कर आगे किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया है इस तरह मामले को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शाजापुर इकाई द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पक्षों के बीच बैठकर हल किया गया एवं सामाजिक समरसता को दृष्टिगत रखते हुवे कार्य किया। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता अजीत पाराशर, आनंद नागर, राहुल बाघेला, दीपक धानुक, खुशी नागर, गोलू लावरे, राजाराम पटेल, सामाजिक समरसता संघ के जिला संयोजक सूर्यप्रकाश नाहर, महेश सरिया, रामकृष्ण नाहर आदि समाजजन मौजूद थे।

## निरंतर भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने का कार्य कर रही भाजपा - इंजी नवीन कुमार अग्रवाल

### भाजपा के रणवीर पठानिया का एक और विवादित बयान

**नीमच / भोपाल।** भाजपा के विधायकों ,,सांसदों ,मंत्रियो के भारतीय सेना के सम्बन्ध में अमर्यादित बयानों से क्या ऐसा नहीं लगता है की भाजपा ने भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने का कोई छुपा हुआ एजेंडा बनाया है ? और उसकी प्रमाणिकता के तोर पर मंत्री विजय शाह भारतीय सेना की बहादुर कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों कटे फटे लोगो की बहन बताते है ,तो कभी उपमुखूयमंत्री जगदीश देवड़ा भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक बताते है, तो कभी जो सेना आतंकवादियों के खिलाफ लड़ रही है उन आतकवादियो को फग्गन सिंह कुलस्ते हमारे आतंवादी कह कर सम्बोधित करते है, तो कभी सांसद रामचंद्र जांगड़ा भारतीय महिलाओ का अपमाण कर उन्हें वीरांगना न होने का अपमानजनक बयान देते है और सम्पूर्ण नारी शक्ति का अपमान करते है तो कभी स्वयंभू विश्वगुरु माननीय प्रधानमंत्री कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार से इवेंट के माधयम से अपने ऊपर फूलो की बौछार करवाते है जब इतना ही काफी नहीं हुआ तो एक और भाजपा का पठानिया भारतीय वायु सेना को नालायक सोये हुए कहकर भारतीय वायु सेना का अपमान करते है और इन सभी पर न 56 इंच का सीना रखने वाले मोदीजी और न भाजपा संघठन कोई कार्यवाही करता है जिससे क्या यह स्वतः सिद्ध नहीं होता है की यह निरंतर भाजपा द्वारा भारतीय सेना के परक्रम शौर्य बलिदान का अपमान है और भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने का कार्य भाजपा द्वारा अघोषित ऐजेंडे के तहत किया जा रहा है ? उक्त कटाक्ष करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री एवं भाजपा संघठन से कुछ सवाल किये है की क्या कारण है की आपके विधायक मंत्री ,सांसद एवं स्वयं मोदीजी निरंतर भारतीय सेना के सम्बनध में अमर्यादित बयान बाजी एवं अपमानजनक कार्य कर रहे है और स्वयं मोदीजी एवं भाजपा संघठन ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा है।

## आचार्य भगवंत श्रीनवरत्न सागरसुरीश्वरजी के असीम कृपा पात्र शिष्य, राष्ट्रीय संत आचार्य परम पूज्य विश्व रत्न सागर सूरीश्वर महाराज की महाचमत्कारी मांगलिक का आयोजन

**शातापुर।** शाजापुर के इतिहास में पहली बार परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीनवरत्न सागरसुरीश्वरजी के असीम कृपा पात्र शिष्य, राष्ट्रीय संत आचार्य परम पूज्य विश्व रत्न सागर सूरीश्वर महाराज की महाचमत्कारी मांगलिक का आयोजन स्थानीय गांधी हाल में हुआ। इस महामांगलिक को श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में गुरु भक्त देशभर से पधारे। आचार्य ने भक्तों को अति प्राचीन महामंत्रों से गुथित आधि, व्याधि,उपाधि निवारक,सर्व मनवांछित पूरक, महान चमत्कारी महामांगलिक सुनाई। महामांगलिक के अवसर पर राष्ट्रीय संत ने कहा जैन धर्म में सबसे ज्यादा मंत्रोच्चार है। राशि के चक्कर में कभी मत पड़ना। राशि बलवान नहीं होती, गुरु का आशीष बलवान होता है। गुरु के हाथों से प्रथम वासक्षेप और आशीर्वाद लेने का लाभ ज्ञानचंद,सपनकुमार, सचिन कुमार भंसाली परिवार ने



बोली लगाकर लिया। कार्यक्रम का संचालन अजीत जैन ने किया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष सपन जैन ने बताया गुरूदेव नवरत्नसागरजी की असीम कृपा पात्र शिष्य श्रीविश्वरत्नसागरजी म.सा.द्वारा प्रतिमाह एकम पर विश्वशांति व जनकल्याणकारी महामांगलिक भक्तों को प्रदान की जाती है। आधि-व्याधि-उपाधि नाशक दिव्य महामंत्रों से उच्चारित इस अनुष्ठान हेतु अगली महामांगलिक उज्जैन में जून माह में आयोजित होगी जैनाचार्यश्री ने अगली महामांगलिक उज्जैन में करने की स्वीकृति प्रदान की।महामांगलिक में पूज्य साधु-साध्वीगणों के पावन सानिध्य के साथ मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेंटवाल, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे तथा नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन बतौर अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत लाभार्थी परिवार द्वारा किया गया।

# धार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ

**धार।** भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ का शुभारंभ दिनांक 29 मई 2025 को जिला धार से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सरदार सिंह मेडा, अध्यक्ष जिला पंचायत धार रहे।कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में यह आयोजन सम्पन्न हुआ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी की उपस्थिति में कृषि एवं संबंधित विभागों जैसे कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, कृषि विज्ञान केन्द्र धार के वैज्ञानिक, आईसीएआर के वैज्ञानिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि उपज मंडी सचिव, विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठन एवं प्रगतिशील किसान तथा राजेन्द्र शर्मा





उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर कृषि प्रचार-प्रसार रथ को चलो खेत की ओर संदेश के साथ हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों की ओर रवाना किया गया। रथ पूर्व निर्धारित रूट चार्ट अनुसार तीन दलों के साथ रवाना हुआ। इसी प्रकार कृषि विज्ञान केन्द्र मनावर से अन्य तीन दलों ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अजय पाटीदार, जनपद अध्यक्ष रुखमा रवि मुवेल, जिला पंचायत सदस्य श्री कपिल सोलंकी तहसीलदार श्री कुणाल अवास्या, राज्य स्तरीय कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धार्वेन्द्र सिंह, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनावर श्री ज्ञानसिंह सोलंकी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनावर श्री बसंत कुमार खंडवाये तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।इस अभियान के माध्यम से किसानों को नवीन/उन्नत कृषि तकनीक, योजनाओं और नवाचारों की जानकारी गाँव-गाँव तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

# बदमाश बेखौफ, किराना व्यापारी पर चाकू से जानलेवा हमला

### व्यापारी गंभीर घायल, एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन, अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

नगर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब व्यापारियों पर खुलेआम हमले किए जा रहे हैं। जिसको लेकर नगर के व्यापारियों में भय का माहौल है। बुधवार को नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी सौरम चौधरी पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके कारण हाथ की नस कट गई, एवं पीठ पर भी घाव हो गए। गंभीर रूप से घायल चौधरी को तत्काल इंदौर रेफर किया गया, जहा पर एक निजी अस्पताल में गुरुवार को ऑपरेशन हुआ है।

इस घटना के विरोध में किराना व्यापारी एसोसिएशन ने एसडीएम दीपक चौहान एस डी ओपी अरविंद सिंह तोमर एवं थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाहा को ज्ञापन देकर, घटना की तीव्र निंदा की और



अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। किराना व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल लूनिया, एवं ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मूणत सचिव मयंक सोमानी ने प्रशासन को संबोधित पत्र में कहा, शहर में चोरी, लूट और हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। यदि सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो हालात और बिगड़ सकते हैं। व्यापारी संघ ने प्रशासन से मांग की हे, सौरम चौधरी पर हमले के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, व्यापारिक क्षेत्रों में सीसीटीवी की व्यवस्था की जाए, व्यापारियों के लिए सुरक्षा गारंटी संबंधी विशेष कदम उठाए जाए। थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह ने कहा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है दूसरे कि जांच जारी है और जल्द ही दूसरा आरोपि भी पकड़ लिया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में किराना व्यापारी एवं मंडी व्यापारी उपस्थित थे।



# नगर परिषद अध्यक्ष के सख्त तेवर-घर-घर जाकर ली सफाई व्यवस्था की जानकारी

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने नगर में भ्रमण कर स्वयं महिलाओं एवं आमजन से मुलाकात की और उनसे यह पूछा कि उनके क्षेत्र में नियमित सफाई होती है या नहीं। श्रीमती यादव की यह पहल नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई अध्यक्ष घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुन रही हैं। उनके इस कदम से नगर में सकारात्मक माहौल बना है और नागरिकों में उम्मीद जगी है कि अब उनकी समस्याओं का समाधान गंभीरता से किया जाएगा।

यादव ने कहा कि गुरुवार को वार्ड क्रमांक 5,7,9,12,13,14, में नगर की मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं को लेकर वार्ड में भ्रमण कियशिकायत मिलने पर सफाई कर्मचारियों को समय पर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए वहीं पास 5 सफाई कर्मचारियों को लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया है। साथ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पवार, सीएमओ लालसिंह राठौड़, पार्षद सुखराम देवदा, जगदीश पाटीदार, संतोष चौहान, साजिद खान, पार्षदगण एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण ने संयुक्त रूप से वार्डों का दौरा कर जनसमस्याओं को मौके पर सुना और निराकरण की प्रक्रिया आरंभ की।

## मनोहरलाल गुप्ता का निधन

**अमझेरा।** समाजसेवी एवं माता अमका-झमका विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल गुप्ता 70 वर्ष का निधन हो गया जिनका गुरूवार को अमका-झमका मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजनो व जनप्रतिनिधिगणो राजेन्द्रकुमार शर्मा, रवि पाठक,भगवानदास खंडेलवाल, निलांबर शर्मा, सदर ष्शौकत पटेल, प्रदीपसिंह पंवार, गोपाल पारीक अमित तिवारी, विक्रमसिंह राठौर आदि के द्वारा श्रद्धांजलि प्रदान की गई ।




## मांगोद में स्पीड ब्रेकर बनाए लेकिन रंग-रोगन नहीं किया



**अमझेरा।** इन्दौर-अहमदाबाद फोरलेन के मांगोद चैराहे पर सड़क निर्माता कंपनी के द्वारा राजगढ़ से इन्दौर जाने वाले वाले मार्ग पर स्पीड ब्रेकर हटा दिये गये थे लेकिन समाचार प्रकाषन के बाद स्पीड ब्रेकर तो बना दिये गये लेकिन उन पर किसी प्रकार से रंग रोगन नहीं किया जिसके कारण वाहनो को स्पीड ब्रेकर दिखाई नहीं देने से भी दुर्घटना होने का अंदेषा बना हुआ है।

## जयपुर सम्मेलन में शिक्षक झाला होंगे सम्मानित

**बाग।** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जयपुर (राजस्थान) में 1 जून 2025 को भव्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में सी.एम.राईज बाग में कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक और साहित्यकार, राजेन्द्रसिंह झाला को भी चयनित किया गया है।



इस सम्मान समारोह में नगर के मूर्धन्य साहित्यकार झालाजी को भी उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा । श्री झाला आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत होकर शिक्षक समाख्या, प्राथमिक शिक्षा मिशन, सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर रहे तथा विभिन्न जिलों में जाकर शिक्षकों को शिक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया है। आप एक साहित्यकार एवं कवि योग शिक्षक तथा उत्कृष्ट मंच संचालक भी है। शाला में योग शिक्षा देने के साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक रूप से भजनों के माध्यम से सनातनी संस्कृति का गुणगान भी बचपन से करते आ रहे हैं। आप पूर्व में विकास खंड, जिला-स्तर एवं राज्यस्तर पर भी सम्मानित हो चुके हैं। श्री झाला वर्तमान में सी.एम.राईज विद्यालय बाग जिला धार में कार्यरत हैं। इस सम्मेलन में देश-विदेश की कई प्रतिभाशाली हस्तियां शिरकत करेंगी । इस उपलब्धि पर इष्टमित्रों और नगर के पत्रकारो ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# धरमपुरी निवासी रशीद कुरैशी 'भाईजान' का इंतकाल, इंदौर में हुए सुपुर्द-ए-ख़ाक

### बड़ी संख्या में जनाज़े में शामिल हुए लोग, जनसंपर्क एवं मीडिया जगत ने जताया शोक

**बाकानेर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय हिन्दी मेल के स्थानीय भोपाल संपादक नौशाद कुरैशी के बड़े भाई रशीद कुरैशी %भाईजान% (निवासी धरमपुरी) का सोमवार, 26 मई को इंदौर में हृदयाघात से दुखद निधन (70 वर्ष ) हो गया। वह एक भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं।

उनकी नमाज़-ए-जनाज़ा इंदौर के साद तालाब मस्जिद में अदा की गई, जिसके बाद उन्हें स्टार चौराहा स्थित एडवांस एकेडमी स्कूल के पास वाले कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। जनाज़े में बड़ी संख्या में समाजजन, शुभचिंतक एवं मित्रगण शामिल हुए। रशीद कुरैशी भाईजान के निधन पर राष्ट्रीय हिन्दी मेल परिवार, सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब, राजधानी मीडिया एवं प्रगतिशील पत्रकार संघ सहित पत्रकारिता जगत से जुड़े अनेक संगठनों व जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारी कांति दीप अलूने, राजधानी मीडिया एवं प्रगतिशील पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, महासचिव प्रेम कुशवाह, उपाध्यक्ष रामानंद द्विवेदी, सचिव सुरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारीगण राम मोहन रघुवंशी, ठाकुर उदयभानु सिंह, अजय मिश्रा, शिवराज सिंह, शैलेंद्र पाल, संदीप गहरवार, बलभद्र मिश्रा, विजय नेमा, पंकज शुक्ला, साद सिद्दीकी, इंतखाब लोदी, अमिताभ पांडे, राकेश तिवारी, शरद पाराशर ,प्रेस क्लब ऑफ ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट राष्टीय महा सचिव सैयद रिजवान अली सैयद अखलाक अली आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए खिराजे अकीदत, प्रार्थना करते हुए ईश्वर से मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुक़ाम अता करने और शोकसंतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति व सब्र-ए-जमील प्रदान करने की कामना की है।



# पवन चक्कियों के दरवाजों को तोड़कर अर्थिंग केबल चुराने वाली गैंग पकड़ाई

### पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 150 क्विंटल कापर वायर और बाइक जब्त

**धार।** कानवन पुलिस ने पवन चक्कियों के दरवाजों का ताला तोड़कर उसके अंदर से अर्थिंग केबल वायर चुराने वालें 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से कापर वायर 150 क्विंटल कीमती 2 लाख 25 हजार व एक मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है।

दरअसल कानवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पवन पवन चक्कियों के दरवाजों को तोड़कर उसके अंदर लगे अर्थिंयग केबलों को अज्ञात बदमाश चुराकर ले जा रहे थे। पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु की थी। लगतार हो रही चोरियों की वारदातो को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्तद पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं बदनावर एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर के मागदर्शन में कानवन पुलिस की एक टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सुनील पिता मोहनलाल चौहान निवासी मोरगांव अमझेरा, अजय पिता हरचन्द ठाकुर निवासी बोरदा थाना तिरला, सोहन पिता पिता हिन्दूसिंह चौहान निवासी अर्शफी महल के पीछे मांडव, राहुल पिता दशरथ परमार निवासी पंचमुखी थाना कानवन और धीरज पिता जगदीश परमार निवासी पंचमुखी थाना कानवन के साथ राहुल पिता सोहनलाल मोगिया निवासी पंचमुखी थाना कानवन को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल कापर वायर 150 क्विंटल कीमती 2 लाख 25 हजार व एक मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका निरीक्षक अभय नेमा, सउनि राजेश हाडा, सउनि सोबरन ओझा, प्रधान आरक्षक अमित पाठक, भारत वामनिया, नवीन राठौर, आरक्षक अजयपालसिंह, शाहरुख, संजय, नितिन, दिनेश ओहरी और कृष्णलाल का विशेष योगदान रहा।



# कुर्दिगपुरा में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

**डही/कुक्षी।** कुर्दिगपुरा में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ÷सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम÷ के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संवाद, निर्णय क्षमता, सहानुभूति तथा रचनात्मकता जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का विकास करना था। शिविर का संचालन सामुदायिक युवा नेतृत्वकर्ता श्रीमती शर्मिला सोलंकी द्वारा किया गया।

उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार के हुनर कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें हस्तशिल्प, चित्रकला, खेल , कला , कथा



जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थीं। इस प्रशिक्षण का परिणाम शिविर के अंतिम दिन आयोजित प्रदर्शनी में देखने को मिला, जहां बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी प्राथमिक विद्यालय भवन में सजाई गई। रंग-बिरंगी कलाकृतियाँ, आकर्षक हस्तनिर्मित सजावटी सामान, और चित्रों की अद्वितीय श्रृंखला तथा मिट्टी के बने बर्तनों ने ग्रामवासियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम की विकासखंड प्रबंधक, श्रीमती संध्या राजपुरोहित ने भी शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में छिपे हुनर को संवारना बेहद आवश्यक है। यह एक ऐसा मंच है जहां बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़कर अपने जीवन के नए रास्तों का निर्माण कर सकते हैं। हम आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन करेंगे ताकि बच्चों को नई राहें मिल प्रदर्शनी को देखने पहुंचे ग्रामीणों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा की सराहना की, बल्कि श्रीमती शर्मिला सोलंकी के प्रयासों की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रदर्शनी के दौरान कई अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## श्री काश्यप मध्यप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक बने



रतलाम। मध्यप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह गिल ने आज भोपाल में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप से भेंट की और उन्हें एसोसिएशन का मुख्य संरक्षक बनाया जाने का पत्र सौंपा। इस अवसर पर बास्केटबॉल खेल के विकास पर चर्चा की। उन्होंने श्री काश्यप को आगामी 10 जून से इंदौर में प्रारंभ हो रही साउथ एशिया स्पर्धा के लिए इंडिया टीम के खिलाडियों के प्रशिक्षण शिविर के लिए आमंत्रित किया।

## शिव तांडव पर प्रिया उपाध्याय का सम्मान किया

**रतलाम।** श्री गणेश महिला मंडल एवं महाकाल भक्त मंडल द्वारा सात दिवसीय भागवत ज्ञान गंगा आयोजन में रतलाम की युवा प्रताभावन युवा कवियित्री, एक दिन में अधिकतम कविता लिखकर नोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं कम समय में शिव तांडव का रिकॉर्ड बनाने पर श्री गणेश महिला मंडल गणेश नगर में स्वागत एवं सम्मान किया। ज्ञान गंगा में कथावाचक पंडित हितेंद्र जोशी ने कहा तुलसी के औषधीय गुण बताते हुए कहा कि तुलसी अनेक रोगो मे उपचार का काम करती है, इसलिए इसे मां कहा जाता है, परन्तु आज आधुनिकता में तुलसी के पौधे की जगह मनीप्लांट ने ले ली है।

## उच्चतम उद्देश्य के लिए लेखन अनुकरणीय है : संत कालीचरण



**रतलाम।** भारत माता के उपासक सुविख्यात संत कालीचरण महाराज के रतलाम आगमन पर परमार्थ के लिए केंसर पीड़ितों और दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ लिखी जा रही पुस्तकों को लेखक डॉ प्रदीप सिंह राव ने संत महाराज को भेंट की। पुस्तक साधना के संत का महाराज ने अवलोकन किया और कहा कि ऐसा लेखन सामाजिक सेवा का उच्चतम प्रकल्प है, जो अर्थ नहीं परमार्थ की राह है। इस अवसर पर समाज सेवी अशोक अग्रवाल और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी श्री अपार उपाध्याय उपस्थित थे।

## बाबा जयगुरुदेव जी महाराज का सत्संग एवं भंडारा महाप्रसाद संपन्न



**रतलाम।** मथुरा के परम् पूज्य बाबा जय गुरुदेव जी महाराज की स्मृति में बाबा जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था एवं ट्रस्ट मथुरा, दिल्ली, आगरा बाईपास के तत्वाधान बाबा जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्थान रतलाम एवं बाबा जयगुरुदेव संगत जिला रतलाम मध्य प्रदेश द्वारा ग्राम बासिंद्रा में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज का सत्संग एवं भंडारा महाप्रसाद संपन्न हुआ। जिसमें गुरु महाराज के सत्संग वचनों का अमृत पान बाबा जय गुरुदेव जी महाराज के परम शिष्य बद्रीलाल पाटीदार द्वारा कराया गया। जैसा कर्म करोगे वैसा फल पाओगे। खाली हाथ आया खाली हाथ चले जाएंगे। आत्मा से परमात्मा को मिलने की सरल युक्ति बतलाई और सुमिरन, ध्यान, भजन, करने की सरल विधि बताइए और शाकाहारी, सदाचारी बनकर मानव जीवन को सफल बनाने के लिए गुरु महाराज के अमृत वचनों का बखान किया गया। गुरु पूर्णिमा भंडारा महोत्सव मथुरा में 8 जुलाई से 12 जुलाई को आयोजित होगा। इस अवसर पर बाबूलाल टांक (गुड्डु), देवराम रसवाल, बंटी खदेड़ा, रमेश चंद्र कुमावत, राजेंद्र वसुनिया, अंकित रसवाल, शांतिलाल जमुनिया, शांतिलाल वाघेला, निलेश कुमावत, अमर सिंह भाई, मंजु कुमावत, आशा रसवाल, अनीता भूरिया, जनाबाई खराड़ी, लक्ष्मीबाई रसवाल, मरूजी जमुनिया, गोदाई लाल जमुनिया, आनंद रसवाल, काना शर्मा श्याम रसवाल, वर्षा रसवाल, समाजसेवी की सूरतलाल डामर आदि बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन



**रतलाम।** ऊकाला रोड़ स्थित श्री गणेश मंदिर श्रीराम कसारा परिसर में 2 जून तक शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक नो दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा पंडित श्री रामकृष्ण दुबे महाराज श्री विंध्याचल धाम (काशी) के द्वारा की जा रही है। आयोजन के संचालक पंडित दिवाकर तिवारी ने शहर की सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कथा का समापन 2 जून को होगा।

# देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या

### जान बचाकर भागते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ

**रतलाम।**

गुरुवार सुबह मित्र निवास कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला है। पेट में चाकू मारकर युवक की हत्या की गई है। जहां शव मिला है वहां के पास का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें युवक जान बचाकर भागते हुए दिखाई दे रहा है।

पुलिस ने शव की पहचान रत्नेश्वर रोड निवासी अरुण के रूप में की है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात अरुण का कालिका माता मंदिर परिसर में कुछ अज्ञात लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद गुरुवार सुबह मंदिर से 100 मीटर दूर एक खाली प्लॉट में उसका शव मिला।

#### फोन आया और निकल गया

गुरुवार सुबह जब कचरा गाड़ी कॉलोनी में पहुंची, तो कुछ लोग कचरा फेंकने आए। उसी दौरान उन्होंने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मृतक का शव रतलाम मेडिकल कॉलेज में पीएम के लिए लाया गया है। मृतक के दोस्त लकी कहार ने बताया रात 9~30 बजे अरुण मिला था। साथ में बाइक पर उत्तम सोलंकी था। उसके पास किसी का फोन आया और उसे चलने का साथ बोल कर ले गए।



अरुण असावरा, मृतक

#### लाइट फिटिंग का करता था काम

मृतक अपने पिता मनोहर लाल के साथ लाइट फिटिंग का काम करता था। घर में मां अलका, बड़ा भाई आयुष व बहन है।

#### इलाके के सारे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही एएसपी राकेश खाखा और स्टेशन रोड थाना प्रभारी स्वराज डाबी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। एएसपी राकेश खाखा ने बताया, प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना स्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। सभी पहलुओं की जांच जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# 21 वर्षीय युवती ने लगाई फांसी

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में फेल होने से तनाव में थी, एक दिन पहले मामा के घर से लौटी थी

**रतलाम।**

जिले के गांव मलवासा में गुरुवार सुबह 21 साल की युवती महिमा परमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 12वीं की परीक्षा प्राइवेट दे रही थी और एक विषय में फेल हो गई थी। पुलिस के अनुसार, तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया।



गुरुवार सुबह करीब 8 बजे महिमा घर की पहली मंजिल पर ब्रश करने गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो 12 साल की छोटी बहन हर्षिता ऊपर गई। महिमा उसे खिड़की से फांसी पर झूलती मिली। हर्षिता ने यह देखकर तुरंत परिजनों को बताया। परिजन उसे नीचे उतारकर रतलाम मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर नामली थाना से एसआई एसएस परमार मौके पर पहुंचे।

#### मामा के घर से एक दिन पहले लौटी थी

महिमा के बड़े पापा के बेटे गोकुल प्रजापत ने बताया, पूरा परिवार एक साथ रहता है। गांव में नया मकान बनाया है। जहां महिला के माता-पिता सोते हैं। सुबह महिमा नए घर की पहली मंजिल पर ब्रश करने गई थी। वहां ऊपर फांसी लगा ली। बुधवार दोपहर को वह अपने मामा के घर खाचरौद से लौटी थी। जब रिजल्ट आया था तब एक सब्जेक्ट में फैल हो गई थी। तब से वह तनाव में थी। घर में इस बारे में उसे समझाया भी था। इस कारण से वह मामा के घर पर थी।

#### स्कूल में पढ़ाती थी, कोचिंग भी जाती थी

महिमा गांव के एक प्राइवेट मिडिल स्कूल में पढ़ाती थी और कोचिंग भी जाती थी। उसके पिता का ईंट भट्टे का व्यवसाय है। परिवार में मां, छोटा भाई राज (17) और छोटी बहन हर्षिता (12) हैं। वह आर्ट्स की स्टूडेंट थी।

#### मौके पर नहीं मिला सुसाइड नोट

नामली थाना एसआई एसएस परमार ने बताया, प्राथमिक जांच में परीक्षा में फैल होने से तनाव के चलते यह कदम उठाया है। घर के वेंटिलेशन पर फांसी का फंदा लगाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## आवश्यकता देख खरीदा नया डी फ्रीजर : काकानी

**रतलाम।** मानव सेवा समिति रक्त केंद्र पर नया डी फ्रीजर की विधिवत पूजा अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल पिपाड़ा, विवेक बक्शी, सह सचिव हेमंत कुमार मेहता, पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी गोविंद काकानी, डॉ इंदरमल मेहता, यशवंत कवाडे एवं सुरेंद्र जैन द्वारा की गई। कोषाध्यक्ष राजकुमार सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार रक्त की आपूर्ति बढने से जांच मे लगने वाले आवश्यक केमिकल, किट को रखने के लिए बड़े डी फ्रीजर की आवश्यकता पडने पर तत्काल समिति द्वारा निर्णय लिया गया और 550 लीटर का नया डी फ्रीजर जिसमें 4 से -23 डिग्री सेंटीग्रेड तक दवाइयां एवं कीट को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस डी फ्रीजर के साथ दी गई। जानकारी अनुसार इसके लगाने से विद्युत बचत के साथ लाइट जाने पर ज्यादा देर तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था है। मानव सेवा समिति के पदाधिकारी मोहनलाल मुरली वाला, ज्ञानमल सिंगावत, महावीर चोरडिया, राजेश सोमानी, गोपाल कृष्ण सोडाणी, सुरेंद्र सुरेका, सत्यनारायण जोशी एडवोकेट, कांतिलाल वशिष्ठ, गुमानमल नाहर, निर्मल कुमार कटारिया एव रविंद्र कुमार बख्शी ने अपनी सहमति देकर तत्काल उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



## दिव्यांग संगीता बच्चों को आर्ट कला से बना रही आत्मनिर्भर सृष्टि संस्था ने किया सम्मान

**रतलाम।** शहर की वेद व्यास कॉलोनी में रहने वाली संगीता वर्मा बचपन से ही दिव्यांग है यहां तक कि वह अपना सिर भी घुमा नहीं सकती फिर भी उन्होंने अपनी कमज़ोरी को हुनर से जोड़ा स्वयं तो आत्मनिर्भर बनी आज वह बच्चों को पेंटिंग सिखा रही है किसी भी चित्र की कला को आसानी से पेपर पर उतार देती हैं। सृष्टि समाज सेवा समिति के सतीश टाक ने बताया कि संगीता वर्मा 90 प्रतिशत दिव्यांग है चलना फिरना तो दूर वह बिना सपोर्ट के बैठने में भी सक्षम नहीं है इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी खुद ने पेंटिंग बनाना सीखी और अब कई बच्चों को आर्ट कला का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही है। संस्था द्वारा उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजवर्गीय, समाजसेवी नरेंद्र श्रेष्ठ, सृष्टि संस्था सदस्य काजल टाक, महेंद्र नागर मौजूद रहे।



# एसटीएफ जवानों के शव बिहार रवाना

### एक की होनी थी शादी, दूसरा इकलौता बेटा था; 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर फुटबॉल सी उछली थी कार

**रतलाम।**

दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में मृत बिहार के दोनों एसटीएफ जवानों के शव उनके घर के लिए रवाना हो गए हैं। मृतकों के परिजन और एसटीएफ अधिकारी गुरुवार दोपहर एम्बुलेंस से शव ले गए।

दोनों जवानों के शव बर्फ की पेटी में रखे। ताबूत पर माला पहनाई गई। एम्बुलेंस में मृतक एसआई के भाई भी साथ हैं। बिहार स्क्वस्न ने परिजनों के साथ दो डीएसपी स्तर के अधिकारी रतलाम भेजे थे। हादसे में बाद दुर्घटनाग्रस्त कार औद्योगिक थाना क्षेत्र के बाहर खड़ी है। बिहार से आए एसटीएफ अधिकारियों ने कार को देखा, अपने मोबाइल में कार के फोटो-वीडियो लिए। घटना स्थल पर जाकर स्पॉट देखा। रतलाम बम डिस्पोजल व डॉग स्क्रॉड से भी कार की सर्चिंग की। कार के पीछे से जवानों के जूते, चप्पल निकले। बुधवार को हुए हादसे में एसटीएफ जवानों की कार फुटबॉल की तरह उछली गई थी। इसमें दो जवानों की मौत हो गई थी। चार घायल थे। एक की हालत गंभीर थी, जिसे इंदौर रेफर किया गया था।



#### मुकुंद की शादी की बात चल रही थी

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सब-इंस्पेक्टर मुकुंद मुरारी पटना के बख्तियारपुर के रहने वाले थे। 2015 में सिपाही पद पर भर्ती हुए और 2018 में स्द्ध बने। रतलाम शव लेने आए भाई मणिकांत ने बताया कि उनकी शादी की बात चल रही थी। बुधवार को पूरा परिवार लड़की को देखने जाने वाला था। उनके परिवार में माता-पिता, दो भाई और एक बहन है। बहन की भी शादी होनी बाकी है।

#### घर में इकलौता बेटा था विकास

जहानाबाद निवासी कॉन्स्टेबल विकास कुमार अपने घर के इकलौते बेटे थे। पिता की 15-20 दिन पहले ही मौत हुई है। परिवार में मां, पत्नी, 4 साल की बेटी और 2 साल का बेटा है। विकास पर पूरे परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। अब उनके जाने के बाद परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। जैसे ही हादसे की सूचना परिजन को मिली, दोनों के गांवों में मातम छा गया। सब यही जानना चाह रहे थे कि आखिर हुआ क्या? हर कोई जवानों के जाने से स्तब्ध है।

# माहेश्वरी समाज महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनायेगा

### 31 मई से 4 जून 2025 तक होगा भव्य आयोजन

**रतलाम।**

4 जून को श्री महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी समाज एवं सहयोगी संगठनों के सहयोग से 5 दिवसीय आयोजन 31 मई से 4 जून 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे ।

समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा एवं सचिव नरेंद्र बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि 31मई 2025 को रात्रि 7बजे से 10 बजे तक संगीत मय सुंदरकांड माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा होगा। 1 जून को प्रातः 9.30 बजे युवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक में होगा सायंकाल 4 बजे से महेश मेले का आयोजन राम बाग हनुमान समिति व रामोला मंदिर उत्सव समिति के संयोजन में होगा। मेले का उदघाटन पार्षद निशा पवन सोमानी एवं वरिष्ठ समाज सेवी गोपाल मंत्री करेंगे।मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं व्यवसायिक स्टॉल समाज बंधुओं द्वारा लगाए जायेंगे साथ ही विभिन्न संगठनों द्वारा खेल प्रतियोगिता भी होगी। 2 जून को महिला संगठन द्वारा एक नयी उमंग (मेडिटेशन) कार्यक्रम सायंकाल 4 से 6 के मध्य होगा। माहेश्वरी सेवा संगठन द्वारा समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिये रात्रि 7 से 11बजे तक माहेश्वरी प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम होगा ।4 जून को माहेश्वरी कपल क्लब दिव्य दर्शन एक नए रूप में थ्री डी टेक्नोलॉजी द्वारा, महाँकाल भस्मा रती,जगन्नाथ रथ यात्रा एवं ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन होंगे।




4जून को प्रातः भगवान महेश का अभिषेक होगा पश्चात 7.30 बजे माहेश्वरी समाज रामोला मंदिर से भव्य महेश शोभा यात्रा निकलेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर महेश सभा में परिवर्तित होगी।

महेश सभा में मुख्य अतिथि सुश्री जिम्मी बाहेती मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिरला धार, विशेष अतिथि मनोज सोमानी पूर्व अध्यक्ष बीजेपी धार जिला,बदनावर एवं अध्यक्षता श्री मती सरला माहेश्वरी, प्रधानाध्यापिका गुरु तेग बहादुर स्कूल होंगे। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी होगा।सहभोज के साथ महोत्सव का समापन होगा।

समाज के श्री माधव काकाणी, डॉ बी एल तापडिय़ा, द्वारकादास भंसाली,घनश्याम लोहिया,राजेश चौखड़ा,अनुरूप सोमानी ने समाज जनों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्स में वर्ल्ड इमरजेंसी डे पर कोड इमरजेंसी ऐप का शुभारंभ



**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल में वर्ल्ड इमरजेंसी डे के अवसर पर जीवन रक्षक मोबाइल ऐप 'कोड इमरजेंसी' का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह द्वारा किया गया। यह परिवर्तनकारी ऐप एम्स भोपाल की वन स्टेट वन हेल्थ वन इमरजेंसी पॉलिसी पर आधारित है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने बताया कि इस ऐप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे न केवल स्वास्थ्य कर्मियों के लिए, बल्कि आम नागरिकों के उपयोग हेतु भी डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है तथा एक बार डाउनलोड करने के पश्चात यह बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी सुचारु रूप से कार्य करता है। इस ऐप में ऑडियो-विज़ुअल दिशानिर्देशों के माध्यम से कहीं भी सीपीआर देकर किसी की जान बचाने की सुविधा प्रदान की गई है। ऐप में सभी आयु वर्गों के लिए उपयुक्त निर्देश सम्मिलित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ऐप में वन स्टेट वन हेल्थ वन इमरजेंसी पॉलिसी पर आधारित एक ड्रॉपडाउन मेनू भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से विभिन्न आपातकालीन स्थितियों एवं बीमारियों की जानकारी सरलता से प्राप्त की जा सकती है। 'कोड इमरजेंसी' ऐप शीघ्र ही गूगल प्ले स्टोर पर नि:शुल्क डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगा। यह ऐप न केवल आम नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए भी एक क्रांतिकारी उपकरण के रूप में कार्य करेगा। इस ऐप के विकास में डॉ. शहताज खान, डॉ. श्रुति दुबे एवं डॉ. भूपेश्वरी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

### एम पी ट्रांस्को के प्रशिक्षण वेबिनार श्रृंखला का शतक, कार्य दक्षता में आया गुणात्मक सुधार

**भोपाल, निप्र।** कोविड महामारी के दौरान आरंभ हुई वेबिनार की एक पहल ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांस्को) के वर्क कल्चर को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे कार्मिकों की कार्य दक्षता में गुणात्मक परिवर्तन के साथ आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। अब 100 साप्ताहिक वेबिनार की श्रृंखला का यह चरण सफलतापूर्वक समाप्त हो चुका है। प्रारंभ में संकट के समाधान के रूप में शुरू की गई यह पहल, डिजिटल परिवर्तन और नवाचार की मिसाल बन गई। वेबिनार की इस श्रृंखला के दौरान, पूरे मध्यप्रदेश से 500 से अधिक कनिष्ठ फील्ड युवा अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों ने नियमित रूप से भाग लिया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले इन सत्रों में बिजली क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव ने कहा कि यह वेबिनार केवल ज्ञान साझा करने का माध्यम नहीं रहे, बल्कि इन्होंने हमारी टीमों को सशक्त, आत्मविश्वासी और फील्ड में सटीक कार्य करने में अधिक प्रभावी बनाया। इस वेबिनार श्रृंखला की एक प्रमुख उपलब्धि वरिष्ठ और कनिष्ठ अभियंताओं के बीच बेहतर समन्वय रहा। इस सहयोगात्मक वातावरण ने ट्रांसफार्मर, ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किए। वेबिनारों के माध्यम से तकनीकी ज्ञान का स्थानांतरण और कौशल विकास संभव हो सका। प्रत्येक सत्र को क्षेत्रीय आवश्यकताओं और चुनौतियों के अनुसार तकनीकी या प्रबंधकीय विषय पर केंद्रित किया गया।

### लोक संगीत के क्षेत्र मे राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विशेष योगदान



**भोपाल, निप्र।** सुश्री मान्या ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव सीधी जिले की राष्ट्रीय लोक गायिका एवं देश की सबसे छोटी लोक गायिका मान्या पाण्डेय का विंध्य क्षेत्र के लोक संगीत को आगे बढ़ाने एवं संरक्षित करने में विशेष योगदान रहा है। सुश्री मान्या पाण्डेय विंध्य क्षेत्र की एक मात्र ऐसी लोक गायिका हैं जो बहुत कम उम्र में देश भर में बघेली लोकगीतों को पहुंचा रही है। लोक गायिका सुश्री मान्या पाण्डेय 5 वर्ष की छोटी उम्र से मंचीय प्रस्तुति दे रही है। अब तक देश के विभिन्न प्रदेशों लगभग 422 मंचों में प्रस्तुति दे चुकी हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक न्यूज चैनल्स में अपने लोकगीतों की प्रस्तुति दे चुकी हैं। बघेली लोकगीतों के साथ-साथ बुंदेली, अवधी, मैथिली, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का अनुभव भी है। मान्या सीधी पर्यटन, सीधी पुलिस, नेशनल आर्टिस्ट यूनियन बिहार, झारखंड, उत्थान सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी-रीवा (म.प्र.) की ब्रांड एम्बेसडर भी रही हैं। कांसेप्ट कम्यूनिकेशन कंपनी मुंबई द्वारा मध्यप्रदेश माध्यम, म.प्र. शासन का उपक्रम के द्वारा इन्फ्लुएन्सर नियुक्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया क्राफ्टरूट्स हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ

# पारम्परिक शिल्पकला, आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन का आधार है : मुख्यमंत्री

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के विचार को साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह हमारी पारंपरिक शिल्प कला, लोक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का सशक्त माध्यम है।**

साथ ही वोकल फॉर लोकल का विचार स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाते हुए कारीगरों की आत्मनिर्भरता और उनके स्वावलंबन के लिए भी प्रभावी है। इस दिशा में ग्राम श्री ट्रस्ट द्वारा क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी के माध्यम से की गई पहल कारीगरों को नई पहचान और अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में क्राफ्टरूट्स हस्त शिल्प प्रदर्शनी के भोपाल हाट में शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा राज्यपाल श्रीमती पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज ने भोपाल और इस संपूर्ण अंचल को विशेष पहचान दी है। इसके साथ ही देश लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मना रहा है। देवी अहिल्याबाई ने महिला स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है कि देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर भोपाल में होने वाले महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पधार रहे हैं। क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी भी महिला स्वावलंबन की दिशा में सार्थक कदम है। इस दृष्टि से इस प्रदर्शनी का शुभारंभ महिला सम्मेलन के आरंभ का प्रतीक ही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों के हस्तशिल्प की अपनी विशेष पहचान और आभा है। ऐसी प्रदर्शनियों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर के उत्पादों की ख्याति दूर-दूर तक फैलती है और कारीगरों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े उद्योगों से लेकर कुटीर उद्योगों तक के विस्तार के लिए प्रदेश में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में रोजगार परक उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प से बनने वाले उत्पाद प्लास्टिक का प्रभावी विकल्प हो सकते हैं। राज्य सरकारों, संस्थाओं सहित व्यक्तिगत स्तर पर भी इसे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए क्राफ्ट यूनिवर्सिटी स्थापित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि कारीगरों को एक राज्य से दूसरे राज्य आने-जाने में यात्रा के लिए राज्य सरकारों द्वारा सहयोग उपलब्ध कराया जाना चाहिए। महेश्वर में स्थापित धागा बैंक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कारीगरों को उनके कार्यस्थल के आसपास ही कच्चा माल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाना आवश्यक है।

# रीवा में विकास के सभी क्षेत्रों में तेज गति से किए जा रहे हैं कार्य : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### 2 करोड़ 63 लाख रुपए लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण



**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के सभी क्षेत्रों में तेज गति से कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में 2 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र पी.टी.एस. शहर संभाग रीवा का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विद्युत उपकेन्द्र का फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें। रीवा के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। रीवा भी विकास की इस धारा में शामिल है। रीवा में अधोसंरचना विकास के साथ ही जनकल्याण के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, अधीक्षण यंत्री श्री बृजेश कुमार सहित विद्युत मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### अचानक महाराजपुरा जोन पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने किया निरीक्षण

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार की रात अचानक ग्वालियर महानगर के महाराजपुरा विद्युत जोन पहुंचकर विद्युत वितरण व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक भी मौजूद थे। ऊर्जा मंत्री ने महाराजपुरा विद्युत जोन पहुंचकर सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा ट्रिपिंग रजिस्टर को देखा। उन्होंने जोन कार्यालय परिसर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कार्यालय में उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों को देखा तथा मोबाइल द्वारा उपभोक्ताओं से समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आदित्यपुरम क्षेत्र पहुंचकर यहां के विद्युत उपभोक्ताओं से उनके घरों पर बातचीत की। साथ ही आदित्यपुरम में विद्युत लाइनों के ढीले तारों को कसवाने, ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर सुरक्षा प्रबंध के लिए जाली लगवाने के निर्देश दिए।

### स्वावलंबी महिला सशक्त राष्ट्र... मुरैना जिले की बेटी हिमानी तोमर ने लेफ्टिनेंट बनकर प्रदेश को किया गौरवान्वित



**भोपाल, निप्र। देश व प्रदेश की बेटियाँ एवं महिलायें हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व क़ायम कर रही है। वीरभूमि के नाम से प्रसिद्ध मुरैना में सेना के क्षेत्र में अब तक बेटों का ही नाम सामने आ रहा था, लेकिन अब यहां की बेटियां भी सैन्य क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं।**

हाल ही में अम्बाह के चांद का पुरा गांव की बेटी हिमानी ने सेना के पूना मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग में स्नातक पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर सेना में कमीशन्ड नर्सिंग आफीसर लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है। लेफ्टिनेंट बनकर हिमानी ने न केवल अपने परिवार को बल्कि प्रदेश एवं चम्बल अंचल को भी गौरवान्वित किया है।

हिमानी चांद का पुरा गांव के रिटायर्ड सूबेदार माधौ सिंह तोमर एवं श्रीमती सुमन तोमर की पुत्री, नायक विकास तोमर की बहन है। हिमानी को यह उपलब्धि पूना के कैप्टन देवाशीष कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में आयोजित कमीशनिंग सेरेमनी परेड मैदान में हासिल हुई है। हिमानी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा शांति निकेतन अंबाह से एवं 12 वी जवाहर नवोदय विद्यालय जौरा से प्राप्त की उसके कोटा एवं ग्वालियर से आगे की परीक्षायों की तैयारी की।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम में प्रायवेट स्कूलों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी

# प्रदेश में 83 हजार से अधिक बच्चों को मिला निःशुल्क प्रवेश

**भोपाल, निप्र। भोपाल के राज्य शिक्षा केन्द्र में गुरूवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित की गई ऑनलाईन लॉटरी में 83 हजार 483 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। इनमें से 72 हजार 812 बच्चे ऐसे हैं जिन्हें उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में प्रवेश मिला है।**

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया गया। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने कहा कि देश भर में आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश है। इस पारदर्शी व्यवस्था से अभिभावकों को उनके क्षेत्र के स्कूल और उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी के साथ ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उनके बच्चों को स्कूल में सीट आवंटित हो जाएगी।



संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पंसद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक ने पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन (MPSEDC) टीम की प्रशंसा भी की। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था अपनाई गई है। इस वर्ष आरटीई के तहत लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत एक लाख 66 हज़ार 751 बच्चे पात्र हुए थे। जिनमें से 83 हजार 483 बच्चों को उनके द्वारा चयनित स्कूलों का आवंटन किया गया है। इनमें से 43 हजार 363 बालक एवं 40 हजार 120 बालिकाएं हैं। जिन्हे आज इस ऑनलाइन लॉटरी मे शामिल करते हुये रेंड़म पद्वति से स्कूल का आवंटन किया गया है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हो रहा है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाईल नंबर पर एसएमएस माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। बच्चे उनके आवंटित स्कूलों में 2 से 10 जून 2025 तक जाकर प्रवेश ले सकेंगे। इन बच्चों की फीस राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार सीधे स्कूल के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी। ऑनलाईन लॉटरी में विभिन्न प्रायवेट स्कूलों की नर्सरी कक्षा में 54 हजार 038, केजी-1 में 22 हज़ार 799 और कक्षा पहली में 6 हज़ार 646 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश के लिये सीटों का आवंटन हुआ है।

ऑनलाइन लॉटरी में इनमें से 72 हजार 812 बच्चों को उनकी प्रथम वरीयता (फर्स्ट चॉइस) के स्कूलों का, 5 हजार 646 को द्वितीय वरीयता के स्कूलों का, 2 हजार 665 को तृतीय वरीयता के स्कूलों का, 924 को चतुर्थ वरीयता के स्कूलों का, 555 को पांचवीं वरीयता के स्कूलों का, 298 को छटवीं वरीयता के स्कूलों का, 235 को सातवीं वरीयता के स्कूलों का, 157 को आठवीं वरीयता के स्कूलों का, 90 को नवीं वरीयता के स्कूलों का तथा 101 को उनकी दसवीं वरीयता के स्कूलों का आवंटन हुआ है। यूट्यूब लाइव सत्र के दौरान संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश हेतु पात्र विभिन्न श्रेणियों की बच्चों की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अधिक संख्या में विभिन्न श्रेणियों के गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों के लगभग एक लाख 12 हजार से अधिक बच्चों के आवेदन लॉटरी प्रक्रिया के लिये पात्र हुए हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com